# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025





हमर-प्रदेश



बिलासपुर, मंगलवार, 22 अप्रैल 2025 haribhoomi.com

हरिभूमि

# 9 महिलाओं से किया था प्रेम विवाह

# साड़ी और तेल चोरी करके भाग रही 10वीं पत्नी को मारकर गाड़ा, रातभर लाश के पास सोया रहा

जिले में सनसनीखेजा मामला सामने आया है, पति ने चावल, साड़ी और तेल चुराकर ले जा रही हो कहकर अपनी 10वीं पत्नी को मार डाला। पत्थर से सिर कुचल दिया। मर्डर के बाद लाश को जंगल में गाड़ दिया। फिर वहीं सो गया। वारदात बगीचा थाना क्षेत्र की है। घटना के बाद गांव में आक्रोश और दहशत का माहौल है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर

ग्रामीणों का कहना है कि ढुला राम की मानसिक हालत पहले से ही संदेहास्पद थी। लोगों ने प्रशासन से आरोपी को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है। जानकारी के अनुसार गांव के कोटवार ने रोपा-क्यारी नाले के पास रविवार को एक महिला का सड़ा-गला शव देखा। पुलिस को सूचना दी गई तो जांच शुरू हुई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला कि महिला की मौत सिर पर वार के कारण हुई है। इसके बाद पुलिस ने मर्डर का केस बनाकर आरोपी की तलाश तेज की।



## पहली पत्नी के रहते 9 साल में की 9 शादियां

आरोपी ने पुलिस को बताया कि अब तक कुल 10 शादियां की हैं। बसंती उसकी 10वीं पत्नी थी। उसने 9 साल में 9 शादियां कर चुका है। पहली पत्नी की 2 साल पहले मौत हो चुकी है। पहली पत्नी से 3 बच्चे हैं, जिसमें 2 लड़के और एक लड़की है।

## आरोपी गिरफ्तार, हत्या में इस्तेमाल पत्थर बरामद

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि आरोपी ढुलू राम को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया पत्थर भी जब्त कर लिया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## शादी के दौरान चावल, साड़ी और तेल चुरी रही थी

पुलिस के अनुसार आरोपी ढुलू राम उम्र 38 वर्ष ने बताया कि 17 अप्रैल की शाम वह अपनी पत्नी बसंती बाई के साथ भतीजे की शादी में गया था। जहां पैर पखारने का कार्यक्रम चल रहा था। इसी समय उसकी पत्नी घर से चावल, साड़ी और तेल चुराकर ले जा रही थी। चोरी करते मां ने देख लिया। जब यह बात मुझे बताई। आरोपी ने बताया कि इससे मुझे गुस्सा आ गया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। नशे में होने के कारण पिटाई की। इसके बाद बसंती को पास के जंगल में ले जाकर मारकर फेंक दिया। हत्या के बाद लाश के पास सो गया। सुबह उठकर शव को एक गड्ढे में छिपाकर भाग गया।

## खबर संक्षेप



### एक दर्जन नशेड़ी वाहन चालक दबोचे गए

रायपुर। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने वीआईपी रोड पर अभियान चलाकर नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक दर्जन वाहन चालकों को नशे की हालत में वाहन चलाते पकड़ा है। नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। नशेड़ी वाहन चालकों से कोर्ट 10-10 हजार रुपए जुर्माना वसूल रही है।

### एप से सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

रायपुर। गुढ़ियारी पुलिस ने मोबाइल एप के माध्यम से



ऑनलाइन सट्टा संचालन करने के आरोप में एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एफसीआई गोदाम के पास से गुढ़ियारी निवासी दीपेश भंसाली को सट्टा संचालित करने के आरोप में पकड़ा है। दीपेश आईपीएल क्रिकेट में गजानंद तथा रुद्रा एक के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहा था।

### सेल्समैन ने कार बिक्री के नाम पर ठगे 3 लाख

रायपुर। आमानाका थाने में बालोद के एक व्यक्ति ने टाटीबंध स्थित एचडीएन मोटर्स मारुति शोरूम के सेल्समैन के खिलाफ तीन लाख 4 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लीलाधर प्रसाद साहू ने अब्दुल सफदर सिद्दीकी के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। लीलाधर ने पुलिस को बताया कि वह कार खरीदने शोरूम में गया था। कार खरीदने उसने अब्दुल को पांच लाख दिए। अब्दुल ने उक्त राशि में से एक लाख 86 हजार रुपए जमा कर रसीद के पीछे बाकी राशि लिखकर अपने हस्ताक्षर कर रसीद उसे दे दी। डिलीवरी डेट पर लीलाधर कार लेने पहुंचा तो उसे पता चला अब्दुल नौकरी छोड़कर चला गया है और उसने शोरूम में उसके 1 लाख 86 हजार जमा करने के बाद शेष रकम जमा नहीं की है।

### साइबर टीम ने सटोरिए को धर दबोचा, रकम जब्त



रायपुर। एण्टी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट की टीम ने थाना तिल्दा-नेवरा क्षेत्रांतर्गत स्थित दुर्गा मंदिर के पास एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में साइबर यूनिट तथा थाना तिल्दा-नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर पर्ची के माध्यम से सट्टा संचालित करते आरोपी ऋषभ तलरेजा निवासी तिल्दा नेवरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकदी रकम 10500 रुपए एवं सट्टा-पट्टी पर्ची जब्त की है।

## पीड़िता का वायरल हुआ वीडियो, सुनवाई नहीं होने की बताई पीड़ा

# बुजुर्ग महिला को स्याही से नहीं मिला न्याय तो खून से लिखा राष्ट्रपति को पत्र

गोरेलाल सिन्हा ⏭ गरियाबंद

गरियाबंद जिले से एक अनोखा और मार्मिक मामला सामने आया है, जिसने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। जमीन विवाद से वर्षों से जूझ रही एक बुजुर्ग महिला ने जब स्याही से लिखे आवेदन पर कोई सुनवाई नहीं होते देखी, तो उसने अपने खून से राष्ट्रपति को पत्र लिख डाला। यह पत्र अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मामला छुरा क्षेत्र की रहने वाली 70 वर्षीय ओम बाई बघेल का है, जो टीबी जैसी गंभीर बीमारी से भी जूझ रही हैं। ओम बाई ने बताया कि उनकी पुश्तैनी जमीन में वर्षों से रिवाज के अनुसार पूर्वजों की समाधि (मठ) बनी हुई थी। लेकिन छुरा निवासी संतोष सारड़ा ने उस जमीन पर कब्जा कर लिया और पूर्वजों का मठ भी तोड़वा दिया।

खास खबर


### एक नजर

- 70 वर्षीय ओम बाई ने खून से राष्ट्रपति को पत्र लिखा
- पुश्तैनी जमीन और मठ पर कब्जे का आरोप
- वीडियो और पत्र सोशल मीडिया में वायरल
- प्रशासन का पक्ष—कानूनी कब्जा दिलाया गया
- पुलिस जांच जारी, कार्रवाई का भरोसा

### अन्य आरोपों की जांच जारी: एसडीओपी

एसडीओपी निशा सिन्हा ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा विधिवत कब्जा दिलाया गया था और उस दौरान पुलिस बल मौजूद था। सोशल मीडिया में जो आरोप लगाए गए हैं, उनकी जांच की जा रही है। यदि जांच में आरोप प्रमाणित होते हैं, तो विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।





### प्रशासन ने कहा-"कब्जा दिलाया, मठ टूटा इसकी जानकारी नहीं"

मामले पर छुरा तहसीलदार ने कहा कि यह भूमि विवाद पिछले तीन वर्षों से न्यायालय में लंबित था, जिसमें फैसला संतोष सारड़ा के पक्ष में आया है। राजस्व प्रावधानों के तहत उसे कब्जा दिलाया गया। मठ तोड़े जाने की घटना के बारे में तहसीलदार ने कहा कि प्रशासन के लौटने के बाद क्या हुआ, इसकी जानकारी नहीं है।

### खून से लिखा न्याय का पत्र, वायरल हो रही बुजुर्ग की पुकार

जब कलेक्टर, एसपी और जिले के तमाम जिम्मेदार अफसरों से शिकायत के बाद भी राहत नहीं मिली, तो पीड़िता ने अपनी पीड़ा को खून से लिखकर पत्र को राष्ट्रपति के नाम स्पीड पोस्ट किया। वायरल हो रहे पत्र और रोते हुए वीडियो में ओम बाई ने बताया कि कब्जा दिलाने के बाद जब प्रशासन लौट गया, तो उनके साथ लगातार दुर्व्यवहार किया गया और महिलाओं का अपमान हुआ।

### नए कलेक्टर से है उम्मीद

इधर, जिले के नए कलेक्टर भगवान उईके ने दीपक अग्रवाल से पदभार ग्रहण किया है। पीड़िता को अब नए कलेक्टर से न्याय की उम्मीद है।

## रिश्वत मामला

# जीएसटी अफसर ने गिरफ्तारी के बाद दाखिल की याचिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुर्ग के एक कारोबारी से 34 लाख रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में फंसे जीएसटी अफसर ने गिरफ्तारी के बाद हाइकोर्ट में याचिका दायर की है। सोमवार को चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की सिंगल बैंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कहा जांच एजेंसी ने अवैध संशोधन किया है कि जीएसटी राशि पर समझौता करने की मांग की गई थी, वास्तव में किसी अन्य व्यक्ति द्वारा सूचित किया गया था, जो फरार हो गया है और उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस मामले में सीबीआई ने एक अन्य विनय राय को अभियुक्त के रूप में पकड़ा था।

### मामला रफादफा कराने 34 लाख की मांग

सेंट्रल जीएसटी की टीम ने 28-29 जनवरी 2025 को दुर्ग के स्टेशन रोड स्थित मेसर्स वर्ल्ड ऑफ ब्यूटी में छापेमारी की थी। तलाशी के दौरान गड़बड़ी पकड़े जाने पर संचालक लालचंद अठवानी से 34 लाख रुपए रिश्वत की मांग की गई थी। इस दौरान एक व्यक्ति ने लेन-देन कर पूरा मामला रफादफा कराने में मध्यस्थता की थी। लेन-देन की सूचना मिलने पर सीबीआई की टीम ने जाल बिछाया और 31 जनवरी की शाम वीआईपी रोड स्थित करेंसी टावर के पास 5 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों ड्राइवर विनय राय को गिरफ्तार किया। विनय राय के बाद टीम ने जीएसटी अधीक्षक भरत सिंह को गिरफ्तार किया था।

## घोटाले से जुड़े अफसरों की बढ़ेंगी मुश्किलें, मामला फिर चर्चा में

# 660 करोड़ के रीएजेंट घोटाले में ईडी की एंट्री... मोक्षित पर मनी लाड्रिंग का संदेह, दर्ज हुई ईसीआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी में हुए रीएजेंट और उपकरण खरीदी के 660 करोड़ के महाघोटाले में ईडी की एंट्री हो गई है। मामले में मोक्षित कार्पोरेशन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों पर मनी लाड्रिंग का संदेह है। मामले में ईडी ने ईसीआईआर दर्ज की है। विभागीय अफसरों की मिलीभगत से अंजाम दिये गए इस महाघोटाले से दवा कार्पोरेशन से जुड़े कई बड़े अफसरों की मुश्किलें और बढ़ने का अनुमान है।



स्वास्थ्य विभाग और दवा कार्पोरेशन से जुड़े सबसे बड़े घोटाले में इस बात का संदेह भी है कि अवैध तरीके से की गई कमाई को अन्य जगह भी निवेश किया गया है। इस शक के आधार पर ईडी ने ईसीआईआर की प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। जांच में अगर धनशोधन का मामला सही पाया जाता है तो दोषियों के खिलाफ पीएमएलए एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस मामले की जांच अब तक ईओडब्लू के पास थी, मगर घोटाले के इंवेस्टीगेशन में प्रवर्तन निदेशालय की एंट्री मामले को और अधिक गंभीर बना रहा है। ईओडब्लू की टीम इस मामले में मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा के अलावा सीजीएमएससी से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मामले की जांच जारी होने की वजह से सभी आरोपी अभी न्यायिक रिमांड पर जेल में हैं। इस प्रकरण में कुछ और लोगों के जुड़े होने का संदेह है, जिस आधार पर आने वाले दिनों में और लोगों की गिरफ्तारी का अनुमान है।

### पुराने अफसरों से भी पूछताछ

घोटाले की जांच में ईडी की एंट्री के साथ ईओडब्लू की जांच में भी तेजी आने की खबर है। सूत्रों के मुताबिक ईओडब्लू के इंवेस्टीगेशन में सीजीएमएससी से जुड़े कुछ पुराने अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। इस मामले में कार्पोरेशन के मुखिया स्तर के अधिकारियों से भी पूछताछ की गई है। प्रकरण में अब तक किसी बड़े अफसर पर हाथ नहीं डाला गया है जबकि ईओडब्लू की एफआईआर में की बड़े अधिकारियों को द्वारा मामले में गैर जिम्मेदाराना काम किये जाने का जिक्र है।

### कई गुना दामों में अंधाधुंध खरीदी

इस महाघोटाले को अंजाम देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से साजिश रची गई। बाजार में कम दामों में मिलने वाले रीएजेंट और उपकरणों के हजार गुना से अधिक दाम तय किये गए और उनकी अंधाधुंध तरीके से खरीदी की गई। अफसरों ने इसके लिये सारे नियम-कायदों को ताक में रखकर अनुमति दी। थोक में खरीदी के बाद रीएजेंट और उपकरणों को ऐसे स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाकर ठूंस दिया गया जहां उसकी जरुरत ही नहीं थी। इसकी वजह से सारे केमिकल खराब हो गये और शासन को करोड़ों रुपये का नुकसान हो गया।

# पुलिस बस की टक्कर से युवक घायल, बायां पैर काटना पड़ा हाईकोर्ट ने 10.60 लाख रुपए मुआवजे का आदेश दिया

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सड़क दुर्घटना में घायल युवक को दिए गए मुआवजे को चुनौती देने वाली राज्य सरकार और पुलिस विभाग की अपील को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल की एकलपीठ ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) बिलासपुर के उस फैसले को सही ठहराया, जिसमें पीड़ित युवक सुरेश चंद्राकर को 10.60 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया गया था।

हाईकोर्ट ने अपील पर सुनवाई करते हुए पाया कि दुर्घटना स्थल पर पीड़ित की मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली थी। मेडिकल रिपोर्ट से स्पष्ट है कि टक्कर के कारण ही पीड़ित को गंभीर चोट आई। पुलिस बस के चालक ने कोई रिपोर्ट नहीं की न ही अपनी ओर से कोई गवाही दी। कोर्ट ने यह भी कहा कि दुर्घटना के बाद पीड़ित की कार्यक्षमता लगभग समाप्त हो गई है और यह स्पष्ट है कि वह जीवनभर इस चोट का असर भुगतेगा। जस्टिस संजय कुमार जायसवाल ने कहा कि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने जो निष्कर्ष निकाला वह साक्ष्यों पर आधारित और न्यायसंगत है। इसमें किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप उचित नहीं है। इस आधार पर कोर्ट ने राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए मुआवजे की राशि को बरकरार रखा।

### उसलापुर ओवरब्रिज के पास हुई थी दुर्घटना

पीड़ित युवक सुरेश चंद्राकर 23 दिसंबर 2014 को अपनी मोटरसाइकिल से उसलापुर ओवरब्रिज के पास जा रहा था। तभी तेज रफ्तार पुलिस बस (सीजी-03-4968) ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि युवक का बायां पैर घुटने से नीचे कट गया और वह 65 प्रतिशत स्थायी विकलांग हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने एमएसीटी बिलासपुर में मुआवजे का दावा प्रस्तुत किया था। दावे की सुनवाई करते हुए ट्रिब्यूनल ने मेडिकल रिपोर्ट, पुलिस दस्तावेज और गवाहों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला कि दुर्घटना बस चालक की लापरवाही से हुई थी। इस आधार पर सुरेश चंद्राकर को 10.60 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश जारी किया गया था। इस आदेश के खिलाफ राज्य शासन और पुलिस विभाग ने हाई कोर्ट में अपील दायर कर कहा कि दुर्घटना बस से नहीं हुई और बाइक चालक स्वयं लापरवाही कर रहा था। उनके अनुसार, बस चालक पर कोई आरोप नहीं था और बस से दुर्घटना होने का कोई ठोस प्रमाण नहीं है।

# बिलासपुर में बिना काउंसलिंग सहायक शिक्षकों के प्रमोशन और पदस्थापना पर हाईकोर्ट की रोक

प्रमोशन के बाद सहायक शिक्षकों की बिना काउंसलिंग ही स्कूल शिक्षा विभाग ने मनमाने ढंग से नई जगहों पर पोस्टिंग कर दी थी। इस फैसले के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने पोस्टिंग आदेश के अमल पर रोक लगा दी है।

बिलासपुर जिले के कई सहायक शिक्षकों (एल.बी.) सूरज कुमार सोनी, हलधर प्रसाद साहू, रमेश कुमार साहू, शिप्रा सिंह बघेल और ज्ञानचंद पांडे को हेड मास्टर के पद पर पदोन्नत किया गया। पदोन्नति के बाद लेकिन उन्हें जहां मन आया, वहां भेज दिया गया, जबकि उनके पुराने स्कूलों में ही हेड मास्टर के पद खाली थे। अधिकारियों पर नियमों की अनदेखी का आरोप लगाते शिक्षकों ने हाईकोर्ट में रिट याचिका लगाई।

**पुराने स्कूलों में ही हेड मास्टर के पद खाली थे, अधिकारियों पर नियमों की अनदेखी का आरोप**

**प्रकिया को नजरअंदाज किया गया** -याचिका में कहा गया है कि सरकार ने पहले ही स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हैं कि यदि जिस स्कूल में शिक्षक तैनात हैं और वहीं हेड मास्टर का पद खाली है, तो वहीं पोस्टिंग मिलनी चाहिए। साथ ही, अगर उसी ब्लॉक में पद हो, तो वहां प्राथमिकता दी जाए। अधिकारियों ने लेकिन इस प्रक्रिया को नजरअंदाज कर दिया। मामले की सुनवाई जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच में हुई। कोर्ट ने कहा कि जब तक शिक्षकों का आवेदन (अभ्यावेदन) डीपीआई के पास लंबित है, तब तक उनके पदोन्नति आदेश पर रोक रहेगी। साथ ही शिक्षकों को उनके पुराने स्कूलों में काम करने की इजाजत दी गई है।कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि डीपीआई (लोक शिक्षण संचालनालय) को याचिकाकर्ताओं के आवेदन पर 30 दिनों के भीतर निर्णय लेना होगा।

## हर विभाग के बजट में बिजली बिल के लिए होता है प्रावधान

# वित्त का निर्देश सभी विभाग समय पर करें बिजली बिल का भुगतान, लेकिन विभागों पर ही 357 करोड़ का बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य सरकार के वित्त विभाग ने हाल ही में प्रदेश के सभी विभागों को बजट में शामिल योजनाओं और कार्यों के लिए प्रावधानों से संबंधित व्यय के बारे में दिशा निर्देश जारी किए हैं। इस निर्देश में कहा गया है कि शासकीय कार्यालयों के विद्युत देयक समय पर भुगतान नहीं किए जाने से एरियर्स के रूप में बड़ी राशि भुगतान के लिए लंबित हो जाती है, यह स्थिति उचित नहीं है। दूसरी ओर सरकार की ही एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य शासन के विभिन्न विभागों पर 357.88 करोड़ रुपए है।

**अब पेमेंट में देर पर तय होगी अधिकारी की जिम्मेदारी**



### अरबों रुपयों का है बिल बकाया

एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार राज्य में अरबों रुपए का बिजली बिल विभिन्न संस्थानों पर बकाया है। वर्ष 2023-24 की स्थिति में राज्य सरकार पर 357.88 करोड़, सहित पिछले चार साल का बकाया मिलाएं तो यह राशि 1407 करोड़ रुपयों से अधिक होती है।पंचायत एवं स्थानीय निकायों पर 429 करोड़, स्थानीय निकायों पर 977 करोड़ तथा रेलवे पर 1514.94 करोड़ का बकाया है।

### वित्त ने दिया है ये निर्देश

वित्त विभाग द्वारा सभी विभागों के बजट में बिजली बिल भुगतान के लिए प्रतिवर्ष आवश्यक प्रावधान किया जाता है, किन्तु यह देखने में आया है कि शासकीय कार्यालयो के विद्युत देयकों का समय पर भुगतान नहीं किये जाने से एरियर्स के रूप में बड़ी राशि भुगतान हेतु लबित हो जाती है। राज्य शासन की विद्युत वितरण कंपनी को समय पर राशि प्राप्त नहीं होने से उनका वित्तीय प्रबंधन प्रभावित होता है एवं राज्य शासन पर देयता निर्मित होती है। यह स्थिति उचित नही है। इसलिए विभागों द्वारा समस्त शासकीय कार्यालयों के विद्युत देयकों का समय पर भुगतान किया जाये तथा भुगतान में विलंब अथवा देयकों के लंबित होने की स्थिति में उत्तरदायित्व निर्धारण की कार्यवाही की जाये।

बिलासपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025 haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



जन्म 17 दिसंबर, 1936

निधन 21 अप्रैल, 2025

नाम
जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो

पोप चुने गए
13 मार्च, 2013

*वैश्विक नेताओं ने शोक व्यक्त किया और इसे विश्व के लिए एक बड़ी क्षति बताया*

**खासियत**

- पोप फ्रांसिस 1300 साल में पहले गैर-यूरोपीय थे, जिन्हें पोप चुना गया था
- निधन से पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मिले थे
- ईस्टर के मौके पर पोप ने वेंस को गिफ्ट भी दिए थे।

# नहीं रहे पोप फ्रांसिस

## *विनम्र स्वभाव से विश्व पर अमिट छाप छोड़ी*

*कैथोलिक समुदाय के पहले लैटिन अमेरिकी पादरी पोप फ्रांसिस 88 साल की उम्र में दुनिया से अलविदा*

एजेंसी ▶▶ वेटिकन सिटी

अपने विनम्र स्वभाव और गरीबों के प्रति चिंता एवं करूणा का भाव रखने वाले तथा एक सहदय पोप के रूप में विश्व पर अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले कैथोलिक समुदाय के पहले लैटिन अमेरिकी पादरी, पोप फ्रांसिस का सोमवार को निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। फ्रांसिस के निधन के बाद अब सप्ताह भर चलने वाली वह प्रक्रिया शुरू हो गई, जिसमें लोग उनके अंतिम दर्शन कर सकेंगे। सबसे पहले, सेंट मार्टा चैपल में वेटिकन के अधिकारी और फिर सेंट पीटर्स में आम लोग उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद, कार्डिनल्स कॉलेज के डीन कार्डिनल जियोवनी बैटिस्टा रे द्वारा उनका अंत्येष्टि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और नये पोप को चुनने के लिए एक बैठक होगी।

### पीएम मोदी ने की थी पोप फ्रांसिस से मुलाकात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोप फ्रांसिस के निधन पर गहरा शोक जताया और कहा कि भारत के लोगों के लिए उनका स्नेह हमेशा याद रखा जाएगा। 2021 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूरोप दौरे पर थे, तब उन्होंने वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। पोप फ्रांसिस से मोदी की यह पहली मुलाकात थी। पीएम मोदी ने पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता भी दिया था। इसके बाद मोदी ने दूसरी बार G-7 समिट में 2024 में मुलाकात की थी।

### अंतिम संस्कार की रस्मों को बनाया सरल

पोप फ्रांसिस ने पिछले साल कई रीति-रिवाजों में संशोधन किया था। उन्होंने अंतिम संस्कार की रस्मों को सरल बनाया ताकि वेटिकन के बाहर दफनाने की अनुमति दी जा सके। बदलाव के बाद अब पोप के पार्थिव शरीर को साइप्रस, सीसे और ओक से बने पारंपरिक ताबूत में रखने की आवश्यकता नहीं है। अब, पोप के पार्थिव शरीर को लकड़ी के ताबूत में रखा जाता है, जिसके अंदर जस्ते की एक परत होती है। फ्रांसिस ने कहा था कि वह सेंट पीटर बेसिलिका या उसकी गुफा में नहीं, जहां ज्यादातर पोप को दफनाया गया है, बल्कि शहर के दूसरी ओर स्थित सेंट मेरी मेजर बेसिलिका में दफनाया जाना चाहते हैं।

### नौ दिनों का आधिकारिक शोक

पोप फ्रांसिस की अंत्येष्टि के साथ ही कैथोलिक चर्च का नौ दिनों का आधिकारिक शोक शुरू हो जाएगा। फ्रांसिस फेफड़ों संबंधी रोग से पीड़ित थे और युवावस्था में उनकी सर्जरी के दौरान चिकित्सकों को उनके फेफड़े का एक हिस्सा निकालना पड़ा था। पोप को 14 फरवरी 2025 को, सांस लेने में तकलीफ होने के कारण जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### ईस्टर पर हजारों को दिया आशीर्वाद

हालांकि, वह अपने निधन से एक दिन पहले, बीते ईस्टर रविवार को सेंट पीटर्स स्क्वायर में हजारों लोगों को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित हुए और वहां उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। कार्डिनल फेरेल ने कहा, पोप फ्रांसिस ने चर्च को हमेशा सभी लोगों को समाहित करने के लिए विस्तारित किया और वह इससे किसी को भी बाहर नहीं रखना चाहते थे।




## छत्तीसगढ़ के बाद झारखंड में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान तेज

*घटनास्थल से रिवॉल्वर एसएलआर समेत हथियार बरामद*

# मुठभेड़ में मारे गए 8 नक्सली इनमें एक करोड़ का ईनामी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रांची/नई दिल्ली

*झारखंड के बोकारो जिले में सोमवार को पुलिस और सीआरपीएफ के कोबरा कमांडो के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए। इनमें से एक नक्सली उग्रवादियों की शीर्ष केंद्रीय समिति का सदस्य था और उस पर एक करोड़ रुपए का ईनाम घोषित था। घटनास्थल से एक रिवॉल्वर, 1 एसएलआर, 4 इंसास राइफल कई हथियार भी बरामद किए गए हैं।*

यह मुठभेड़ जिले में लालपनिया इलाके के लुगु हिल्स में सुबह करीब साढ़े पांच बजे शुरू हुई। 209 कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन' (कोबरा) और राज्य पुलिस के अभियान में आठ नक्सली मारे गए और एक एके राइफल, तीन इंसास राइफल, एक 'सेल्फ लोडिंग राइफल' (एसएलआर), आठ देसी बंदूक एवं एक पिस्तौल बरामद की गई। मृतकों में उग्रवादी संगठन की केंद्रीय समिति का सदस्य प्रयाग मांझी उर्फ विवेक, विशेष क्षेत्रीय समिति का सदस्य अरविंद यादव उर्फ अविनाश, जोनल समिति का सदस्य साहेबराम मांझी उर्फ राहुल मांझी, महेश मांझी उर्फ मोटा, तालु, रंजू मांझी, गंगाराम और महेश शामिल हैं।

विवेक पर एक करोड़ रुपए, अरविंद यादव पर 25 लाख रुपए और साहेबराम मांझी पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित था। हिंसा के विभिन्न मामलों में उनके खिलाफ मामले दर्ज थे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय समिति माओवादी संगठन की निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था है। अधिकारियों ने बताया कि इस मुठभेड़ में किसी सुरक्षाकर्मी के घायल होने की खबर नहीं है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा, इस मुठभेड़ के साथ ही उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में माओवादी दस्तों का सफाया हो गया है। उन्होंने कहा, पूरे राज्य से ▶▶ शेष पेज 6 पर



### पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान में की घेराबंदी



### इन नक्सलियों को मार गिराया

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि दस्ते में 16-17 नक्सली शामिल थे। मृतकों में उग्रवादी संगठन की केंद्रीय समिति का सदस्य प्रयाग मांझी उर्फ विवेक, विशेष क्षेत्रीय समिति का सदस्य अरविंद यादव उर्फ अविनाश, जोनल समिति का सदस्य साहेबराम मांझी उर्फ राहुल मांझी, महेश मांझी उर्फ मोटा, तालु, रंजू मांझी, गंगाराम और महेश शामिल हैं। विवेक पर एक करोड़ रुपए, अरविंद यादव पर 25 लाख रुपए और साहेबराम मांझी पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

### इस साल छत्तीसगढ़ में मारे गए 140 नक्सली

इस साल, छत्तीसगढ़ में अलग-अलग मुठभेड़ों में 140 से अधिक माओवादी मारे गए हैं। सुरक्षा अधिकारी छत्तीसगढ़ को देश में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) का 'अंतिम गढ़' कहते हैं।

### कोबरा बटालियन-पुलिस का संयुक्त अभियान

सीआरपीएफ की 209 कोबरा बटालियन और राज्य पुलिस इस ऑपरेशन में शामिल रही। कोबरा बटालियन जंगल युद्ध में विशेषज्ञ मानी जाती है और नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सक्रिय रहती है। अधिकारियों के अनुसार, इस मुठभेड़ में कोई भी सुरक्षाकर्मी घायल नहीं हुआ है। लुगू और झुमरा पहाड़ लंबे समय से नक्सलियों के सुरक्षित ठिकानों में शुमार रहे हैं। इस कार्रवाई को सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

### 4 इंसास राइफल एसएलआर और पिस्तौल समेत हथियार बरामद

जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ सोमवार सुबह करीब 5.30 बजे शुरू हुई, जो करीब ढाई घंटे तक चली। इस दौरान दोनों ओर से रुक-रुककर गोलियां चलती रहीं। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने एक रिवॉल्वर, 4 इंसास राइफल, एक एसएलआर समेत हथियार बरामद की हैं। सीआरपीएफ के मुताबिक, फिलहाल गोलीबारी बंद हो गई है। हालांकि, सर्च ऑपरेशन जारी है।

## नक्सलवाद के खात्मा के लिए मिशन 26 पर दिल्ली में मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। श्री शाह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। इसके साथ ही नक्सलवाद के उन्मूलन, बस्तर के समग्र विकास और राज्य में सुरक्षा व न्याय तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई।

- सीएम साय बोले- नए कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा छत्तीसगढ़
- गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आपराधिक कानूनों पर समीक्षा बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम विजय शर्मा

बैठक में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा सहित केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री श्री साय ने साफ कहा, नए कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने में छत्तीसगढ़ अग्रणी भूमिका निभाएगा। बैठक में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मुख्यमंत्री भी करें नए कानूनों की माह में एक बार समीक्षा

श्री शाह ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार को 60 और 90 दिनों के भीतर आरोपपत्र दाखिल करने के लिए पुलिस उप अधीक्षक स्तर के अधिकारियों की जवाबदेही तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा, नए कानूनों में साक्ष्य की रिकॉर्डिंग से लेकर पूरे ट्रायल तक की प्रक्रिया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संभव है जिससे मैनपावर की काफी बचत होगी। ▶▶ शेष पेज 6 पर

### खबर संक्षेप

### वायुसेना हेलीकॉप्टर आपात स्थिति में उतरा

**जामनगर।** गुजरात के जामनगर जिले में भारतीय वायु सेना के एक



हेलीकॉप्टर को एक बांध के पास आपात स्थिति में उतरना पड़ा। वैसे तो यह तत्काल पता नहीं चल पाया कि हेलीकॉप्टर में कितने लोग सवार थे, लेकिन पुलिस अधीक्षक ने पुष्टि की है कि कोई भी हताहत नहीं हुआ।

### सीने में दर्द, राज्यपाल बोस अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस को



सीने में दर्द की शिकायत के बाद सोमवार को यहां ईस्टर्न कमांड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। उन्हें सुबह करीब 10 बजे अस्पताल ले जाया गया।

## सीएम आवास घेरने निकली कांग्रेस पुलिस ने रोका, जमकर हुई झड़प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस ने सोमवार को बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सीएम हाउस के घेराव के लिए कूच किया, लेकिन सभी बेरीकेड्स की बाधा पार नहीं कर सके। पुलिस ने उनको रोका, जिसे लेकर कांग्रेसियों और जवानों के बीच धक्कामुक्की, झड़प के हालात बने रहे। तय समय के मुताबिक कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता नगर निगम कार्यालय के सामने जमा हुए। निगम कार्यालय के सामने एक जनसभा में कांग्रेस नेताओं ने साय सरकार पर जोरदार हमला बोला। नेताओं का कहना था कि प्रदेश में लगातार कानून व्यवस्था की हालत बद से बदतर होती जा रही है। दिनों दिन अपराध का ग्राफ छत्तीसगढ़ में बढ़ता जा रहा है। पीसीसी चीफ दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सभा में ▶▶ शेष पेज 6 पर

### कानून व्यवस्था पर उबाल, भाजपा ने कांग्रेस नेताओं को याद दिलाया उनके पांच साल का कार्यकाल



### विस में दिए गए आंकड़े

कांग्रेस का कहना है कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद पूरे प्रदेश में अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। सरकार ने विधानसभा में जो आंकड़े दिए हैं, उसके अनुसार राज्य में ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बैज ने गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

पीसीसी अध्यक्ष ने कहा, प्रदेश में अपराध का ग्राफ कम होने के बजाए लगातार बढ़ता जा रहा है। कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। हत्या और महिलाओं से जुड़े अपराध बढ़ते जा रहे हैं। साय सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। सरकार इन अपराधों को रोकने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। दीपक बैज सहित कांग्रेस नेताओं ने गृहमंत्री का इस्तीफा भी मांगा।

### पुलिस ने लगाए टिन शेड के बैरिकेड्स

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए रायपुर पुलिस ने ओसीएम चौक पर खास इंतजाम किए थे। पुलिस ने यहां टिन शेड के बड़े-बड़े बैरिकेड्स लगाए थे। यहां पर जवान वाटर कैनन और आंसू गैस के गोले के साथ तैनात रहे। लाठियों के साथ पुलिस के जवान भी मैदान पर मोर्चा संभाले खड़े रहे। कार्यकर्ताओं ने बड़ी कोशिश की कि वो बैरिकेड्स पार कर आगे बढ़ें, लेकिन पुलिस ने उनको आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा, लॉ एंड ऑर्डर को दुरुस्त किया जाए।

*महाराष्ट्र में नए सियासी समीकरणों की आहट*

## ये क्या हो रहा है? महीनेभर में चार बार मिले शरद और अजित पवार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में एक तरफ चर्चा है कि उद्धव और राज ठाकरे दोनों ही सुलह के मूड में हैं। दोनों चचेरे भाइयों के साथ आने से भाजपा की टेंशन बढ़ सकती है। दूसरी ओर शरद पवार और अजित पवार के बीच मुलाकातें बढ़ने लगी हैं।

बीते एक महीने में ही शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बीच तीन मुलाकात हो चुकी हैं और चौथी मुलाकात 21 अप्रैल को पुणे के



शुगर कमिश्नरेट में हुई। ऐसे में कयास लगाए जाने लगे हैं कि महाराष्ट्र में कोई बड़ा राजनीतिक उलटफेर होने वाला है। दोनों की मुलाकात को लेकर शिवसेना में असंतोष भी देखने को मिला है। कुछ शिवसेना नेताओं ने इस पर नाराजगी जाहिर की।

### पिछले महीने भी हुई थी मुलाकात

इससे पहले 22 मार्च को वसंतदादा शुगर इंस्टिट्यूट में दोनों की मुलाकात हुई थी। इसके बाद 10 अप्रैल जय पवार की सगाई में पूरा परिवार इकट्ठा हुआ था। इसके बाद शरद पवार और अजित पवार रयात शिक्षा संस्थान के कार्यक्रम में भी एक साथ मौजूद थे। शरद पवार ने कहा कि ये दौरे सरकारी या संस्थागत कारणों से थे, लेकिन राजनीतिक गलियारों में चर्चा कुछ और चल रही है।

**मातम में बदली खुशियां**

## खाई में गिरा वाहन, दूल्हे के पिता-भाई समेत 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ रायसेन

मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में सोमवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक सवारी वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराया और सूखी खाई में जा गिरा। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है, वहीं तीन लोग घायल हुए हैं।

दूल्हा-दुल्हन के साथ दोनों परिवार के सदस्य पटना से इंदौर की तरफ जा रहे थे। उनका वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया को तोड़ते हुए खाई में जा गिरा।



### नींद की वजह से हादसा

आशंका इस बात की जताई जा रही है कि शायद वाहन चालक को नींद आ गई होगी और यह हादसा हो गया। इस हादसे में एक बच्चा, दो महिलाएं और तीन पुरुषों की मौत हुई है। हादसा कैसे हुआ, इस बात की जांच की जा रही है, मगर सुबह के समय हुए हादसे से यही लगता है कि वाहन चालक को नींद आ गई होगी और वह वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा।

### निवेश के लिए खरा है सोना, प्रदेश में रोज 25 से 30 करोड़ का निवेश

# सोने ने आखिर एक लाख का आंकड़ा छू लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सोने ने अंततः एक नया इतिहास रच ही दिया। सोमवार को जब बाजार खुला, तो सोने की कीमत पहले 99600 रुपए खुली, इसके बाद शाम तक इसके दाम एक लाख रुपए पहुंच गए। राजधानी रायपुर में सोमवार को दस ग्राम सोना जीएसटी सहित एक लाख तीन सौ रुपए में बिका। जब शनिवार को ▶▶ शेष पेज 6 पर


अब अप्रैल में कीमत और आसमान पर
साढ़े तीन माह में 20 हजार महंगा हुआ सोना अभी दाम 98000, एक लाख पहुंचेगी कीमत

### एक लाख दस हजार तक जाने की संभावना

जिस तेजी से सोने की कीमत बढ़ रही है, उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार सोने की कीमत त्योहारी सीजन में एक लाख दस हजार तक जा सकती है। सोने की बढ़ती कीमत के कारण लगातार निवेश भी बढ़ रहा है। निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित मान रहे हैं। प्रदेश में पहले रोज 20 करोड़ का निवेश होता था, लेकिन अब रोज 25 से 30 करोड़ का निवेश सोने में हो रहा है।

### नए साल में 21900 बढ़े दाम

नए साल में अब तक सोने के दाम 21900 रुपए बढ़े हैं, यह अब तक रिकॉर्ड है। इसके पहले कभी भी इतने कम समय में इतने दाम नहीं बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को कीमत 78400 रुपए थी, 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। फरवरी में करीब पांच हजार दाम बढ़े और कीमत 89 हजार तक गई। इसके ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ईपीएफओ ने फरवरी में 16.10 लाख सदस्य जोड़े


**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने फरवरी में कुल 16.10 लाख नए सदस्य जोड़े।यह आंकड़ा पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 3.99 प्रतिशत अधिक है। ईपीएफओ ने फरवरी, 2025 में लगभग 7.39 लाख नए सदस्य बनाए। नए सदस्यों की संख्या में वृद्धि रोजगार के बढ़ते अवसरों, कर्मचारी लाभ के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल जागरूकता कार्यक्रमों के कारण है। उल्लेखनीय है कि नए सदस्यों में 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व है। फरवरी, 2025 में जोड़े गए नए सदस्यों में उनकी हिस्सेदारी 4.27 लाख या 57.71 प्रतिशत है।

## चिंतन

# लोकसेवा को भ्रष्टाचारमुक्त व जवाबदेह बनाने की जरूरत

सरकार चाहे नीतियां बनाएं या बजट, तीन बातों को ध्यान में रखकर काम करती है। अल्प अवधि यानी तत्काल की जरूरत, मध्य अवधि की आवश्यकता और दीर्घ अवधि की योजना। कार्ययोजना चालू वर्ष, अगले तीन वर्ष और पांच वर्ष के लिए तैयार की जाती है। पिछले एक दशक से सरकार कुछ इसी पैटर्न पर काम कर रही है। सरकार ने लंबी अवधि योजना के तहत वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य भी अपने लिए रखा है। लेकिन सभी स्तर की योजनाओं के क्रियान्वयन में लोक सेवक या प्रशासनिक अधिकारियों की अहम भूमिका है। भारत की विकास यात्रा और नीति निर्माण में लोक सेवक रीढ़ की भूमिका निभाते हैं। यह खासियत भी है और कमियां भी हैं। योग्य व श्रेष्ठ ब्रेन लोक सेवा में आते हैं, लेकिन हमारी प्रशासनिक कार्यप्रणाली में इतनी जड़ता, बाबूइज्म, सुस्ती व भ्रष्टाचार हैं कि नीति निर्माण से लेकर उसके क्रियान्वयन तक की प्रक्रिया अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाते हैं। आजादी के बाद से ही अंग्रेजी ढर्रे पर चल रहे प्रशासनिक ढांचे में समय समय पर यूं तो अनेक बार सुधार किए गए हैं, इसके बावजूद इसका मूल चरित्र लोकोन्मुखी नहीं हो सका है। देश के प्रशासनिक ढांचे में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। 21 अप्रैल को हर वर्ष सिविल सेवा दिवस मनाया जाता है, इस दिन लोक सेवकों को अपने कामकाज का अवलोकन करने का अवसर मिलता है। देश के पहले गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने वर्ष 1947 में इसी दिन दिल्ली के मेटकाफ हाउस में परिवीक्षाधीन प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को संबोधित किया था और लोक सेवकों को 'भारत का स्टील फ्रेम' कहा था। देश का प्रशासनिक ढांचा आज भी स्टील फ्रेम की तरह मजबूत है, लेकिन भारतीयता, स्थानीय जरूरत, स्वदेशी ढांचा, पारदर्शिता, जवाबदेही, समयबद्धता, गतिशीलता जैसे लक्षणों से दूर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रशासनिक ढांचे की जड़ता की ओर ध्यान दिलाते हुए विज्ञान भवन में लोक सेवकों के साथ अपने संवाद में दो टूक कहा कि, 'भारत की नौकरशाही और नीति निर्माण प्रक्रिया पुराने ढर्रे पर नहीं चल सकती।' पीएम ने औद्योगीकरण और उद्यमिता की गति को नियंत्रित करने वाले नियामक के रूप में नौकरशाही की पुरानी भूमिका का जिक्र करते हुए इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र इस मानसिकता से आगे बढ़ चुका है और अब ऐसा माहौल बना रहा है जो आम नागरिकों के बीच उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है एवं उन्हें बाधाओं से निपटने में मदद करता है। इसलिए सिविल सेवाओं को अपने में बदलाव कर नियम पुस्तिकाओं का मात्र रखवाला न बनकर, विकास का सूत्रधार बनना चाहिए। देश का शासन मॉडल अब अगली पीढ़ी के सुधारों पर केंद्रित है तथा सरकार एवं आम नागरिकों के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रौद्योगिकी एवं नई प्रक्रियाओं का सहारा लिया जा रहा है। हाल के वर्षों में सरकार ने नागरिक सशक्तिकरण, सेवा वितरण में सुधार, डिजिटल गैप को पाटने व प्रशासनिक क्षमता में वृद्धि के लिए कदम उठाए हैं। सिविल सेवा को दक्ष, प्रतिस्पर्धी और प्रभावी बनाने के लिए मिशन कर्मयोगी, लेटरल एंट्री, ई-समीक्षा, ई-ऑफिस, सिटीज़न चार्टर, सुशासन सूचकांक जैसे उपाय किए गए हैं। इन सुधारों का मुख्य उद्देश्य लोकसेवा को अधिक कुशल, पारदर्शी, भ्रष्टाचार मुक्त और जवाबदेह बनाना है। हालांकि 1966 और 2005 के प्रशासनिक सुधार आयोगों की सिफारिशें अभी भी लागू होने का इंतजार कर कर रही हैं। सिविल सेवकों के कामकाज व सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का सोशल ऑडिट आवश्यक है। सिविल सेवा को अधिक जवाबदेह, लोकोन्मुख और परिणामोन्मुखी बनाने की आवश्यकता है।

## सारा संसार



गोबिंद सागर झील सतलुज नदी पर बने भाखड़ा बांध के पानी से बनी एक मानव निर्मित झील है जो 170 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैली हुई है जो 90 किलोमीटर लंबी है। अपने स्थान और हिमालय पर्वतमाला से निकटता के कारण, झील हरे-भरे हरियाली और हर मोड़ पर शांति की आभा से घिरी हुई है।

## विश्व पृथ्वी दिवस

रोहित कौशिक



# सिर्फ नारों से नहीं बचेगी धरती

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज धरती को बचाने के लिए भाषणबाजी तो बहुत होती है, लेकिन धरातल पर काम नहीं हो पाता है। यही कारण है कि धरती और पर्यावरण की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। जिस तरह से मौसम चक्र बिगड़ रहा है, वह हम सबके साथ समाज के उस वर्ग के लिए भी चिंता का विषय है जो ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा करने को फैशन मानने लगा था। दरअसल इन दिनों सम्पूर्ण विश्व में धरती बचाने के नारे जोर-शोर से सुने जा सकते हैं, लेकिन जब नारे लगाने वाले ही अभियान की हवा निकालने में लगे हों, तो धरती पर संकट के बादल मंडराने तय हैं। आज विभिन्न देशों में अनेक मंचों से जो धरती बचाओ आन्दोलन चलाए जा रहे हैं, उनमें एक अजीब विरोधाभास दिखाई दे रहा है। धरती सभी बचाना चाहते हैं, लेकिन अपने नहीं दूसरों के त्याग की कीमत पर। स्थायी विकास, ग्रीन इकोनॉमी और पर्यावरण संबंधी विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा जरूरी है लेकिन इसका फायदा तभी होगा जब हम व्यापक दृष्टि से सभी देशों के हितों पर ध्यान देंगे। गौरतलब है कि ग्रीन इकोनॉमी के तहत पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना सभी वर्गों की तरक्की वाली अर्थव्यवस्था का निर्माण करना शामिल है लेकिन हरित अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों के क्रियान्वयन के लिए विकसित देश, विकासशील देशों की अपेक्षित सहायता नहीं करते। स्पष्ट है कि विकसित देशों की हठधर्मिता की वजह से पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर कोई स्पष्ट नीति नहीं बन पाती है। वास्तव में हम पिछले अनेक दशकों से भ्रम में जी रहे हैं। यही कारण है कि पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुरसत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि जलवायु परिवर्तन की यह समस्या किसी एक शहर, राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिंता देखी जा रही है। यदि ग्रीन हाउस गैसों की वृद्धि इसी तरह जारी रही तो दुनिया को लू, सूखे, बाढ़ व समुद्री तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ेगा। तटीय इलाकों पर अस्तित्व का संकट पैदा हो जाएगा और अनेक पारिस्थितिक तंत्र, जंतु एवं वनस्पतियां विलुप्त हो जाएंगी। 30 फीसद एशियाई प्रवाल भित्ती जो कि समुद्रीय जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, अगले तीस सालों में समाप्त हो जाएंगी। वातावरण में कार्बनडाइआक्साइड की मात्रा बढ़ने से समुद्र के अम्लीकरण की प्रक्रिया बढ़ती चली जाएगी जिससे खोल या कवच का निर्माण करने वाले प्रवाल या मूंगा जैसे समुद्रीय जीवों और इन पर निर्भर रहने वाले अन्य जीवों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। दरअसल उन्नत भौतिक अवसंरचना जलवायु परिवर्तन के विभिन्न खतरों जैसे बाढ़, खराब मौसम, तटीय कटाव आदि से कुछ हद तक रक्षा कर सकती है। गौरतलब है कि विभिन्न तौर-तरीकों से जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित किया जा सकता है। इन तौर-तरीकों में ऊर्जा प्रयोग की उन्नत क्षमता, वनों के काटने पर नियंत्रण और जीवाश्म ईंधन का कम से कम इस्तेमाल जैसे कारक प्रमुख हैं। अब हमें यह समझना होगा कि धरती को सिर्फ नारे लगाकर नहीं बचाया जा सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# यूएस से कारोबार की नई उम्मीदें



## वेंस की यात्रा

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा पर पूरे देश और दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के मद्देनजर बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाने सहित भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर भी वार्ता होगी। उम्मीद करें कि वेंस की भारत यात्रा के दौरान भारत के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के बीच हुए नए कारोबार समझौते को वर्ष 2025 के अंत तक अंतिम आकार दिए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर लाभप्रद होगी। साथ ही इससे भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार का नया दौर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।**

इक्कीस से 24 अप्रैल तक अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा पर पूरे देश और दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के मद्देनजर बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाने सहित भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर भी वार्ता होगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 18 अप्रैल को प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी सहयोगी और अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के बीच प्रौद्योगिकी और नवाचार में साझेदारी तथा आपसी कारोबार हित संबंधी मुद्दों पर प्रभावी चर्चा हुई है।

गौरतलब है कि विगत 13 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप एक हाथ से देने और दूसरे से लेने में कामयाब दिखाई दिए हैं। इस वार्ता के दौरान भारत और अमेरिका ने व्यापार निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में कारोबार तथा वैश्विक व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर आधारित नए द्विपक्षीय कारोबार समझौते की रूपरेखा पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने, व्यापार पर गतिरोध के बीच टैरिफ को कम करने, अधिक अमेरिकी तेल, गैस और लड़ाकू विमानों की खरीदी के बारे में बात करने और रियायतों पर भी सहमति जताई है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय समझौते के तहत भारत और अमेरिका के बीच वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार के लिए 500 अरब डालर का लक्ष्य निर्धारित किया है। साथ ही भारत और अमेरिका भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे के निर्माण के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। इस परिप्रेक्ष्य में विगत 9 अप्रैल को अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाऊस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी बातचीत करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत-अमेरिका के बीच बीटीए को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित किया गया है। यह भारत की टैरिफ कूटनीति की ही जीत है कि ट्रंप द्वारा चीन पर 245 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है और भारत पर लगाए गए 26 फीसदी टैरिफ को 90 दिनों तक स्थगित कर दिया गया है। ऐसे में भारत के कई प्रमुख उद्योग क्षेत्र लाभान्वित हो सकते हैं। इनमें आईटी, टेक्सटाइल और परिधान और सेमीकंडक्टर उद्योग आदि शामिल हैं। निःसंदेह अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध में भारत का यह रणनीतिक मंथन है कि मित्र देश अमेरिका से भारत को अधिक लाभ हो सकते हैं। हाल ही में प्रकाशित विदेश व्यापार के आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। साथ ही दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह महत्वपूर्ण है कि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को भारत का निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 77.52 अरब डॉलर था। 2024-25 में अमेरिका से आयात 7.44



प्रतिशत बढ़कर 45.33 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 42.2 अरब डॉलर था। अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 41.18 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2023-24 में 35.32 अरब डॉलर था।

यदि हम भारत के द्वारा अमेरिका को किए गए मुख्य निर्यात को देखें तो पाते हैं कि पिछले वर्ष अमेरिका को किए गए निर्यात में औषधि निर्माण व जैविक (8.1 अरब डॉलर), दूरसंचार उपकरण (6.5 अरब डॉलर), कीमती व अर्ध-कीमती पत्थर (5.3 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (4.1 अरब डॉलर), सोना व अन्य कीमती धातु के आभूषण (3.2 अरब डॉलर), सहायक उपकरण सहित सूती तैयार वस्त्र (2.8 अरब डॉलर) और लोहा व इस्पात के उत्पाद (2.7 अरब डॉलर) शामिल हैं। अमेरिका से भारत वाले आयात में कच्चा तेल (4.5 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (3.6 अरब डॉलर), कोयला, कोक (3.4 अरब डॉलर), कटे व पॉलिश किए हुए हीरे (2.6 अरब डॉलर), इलेक्ट्रिक मशीनरी (1.4 अरब डॉलर), विमान, अंतरिक्ष यान तथा उसके पुर्जे (1.3 अरब डॉलर) और सोना (1.3 अरब डॉलर) शामिल है। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि भारत में प्रधानमंत्री के तौर पर बीते 11 सालों में अमेरिका के साथ भारत के आर्थिक और कारोबारी रिश्ते मजबूत रहे हैं और भारत का अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ा है। यह द्विपक्षीय कारोबार वित्त वर्ष 2013-14 में महज 61.5 अरब डॉलर था, वह वित्त वर्ष 2024-25 में 131.84 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। इतना ही नहीं अमेरिका से भारत में किया गया एफडीआई भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। यह भी उल्लेखनीय है कि जहां अमेरिका के साथ भारत का कारोबार बढ़ना भारत के लिए लाभप्रद है, वहीं चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार भारत के लिए हानिप्रद है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। चिंताजनक यह भी है कि चीन से 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब अमेरिकी डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों में 2023-24 में 118.4 अरब अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। यद्यपि इस समय सरकार अमेरिका और चीन के टैरिफ वॉर के बीच घरेलू उद्योगों के संरक्षण के लिए राहत देने की तैयारी कर रही है, लेकिन अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास पर भी अधिक ध्यान दिया जाना होगा। कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। जीएसटी को सरल बनाना होगा। लॉजिस्टिक्स व बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाना होगा। देश को अधिक डिजिटल महारत हासिल करनी होगी। भारत को सेवा निर्यात और तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। चूंकि अमेरिका ने चीन से अपने देश में आने वाले उत्पादों पर ज्यादा शुल्क लगा दिया है, ऐसे में भारत की ओर चीनी सामान की डंपिंग शुरू हो गई है। इसे देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय उद्यमियों और कारोबारियों की घरेलू बाजार में चीनी सामान की 'डंपिंग' को लेकर चिंताओं पर ध्यान दिया जाना होगा।

हम उम्मीद करें कि जेडी वेंस की भारत यात्रा के दौरान भारत के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के बीच हुए नए कारोबार समझौते को वर्ष 2025 के अंत तक अंतिम आकार दिए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर लाभप्रद होगी। साथ ही इससे भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार का नया दौर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# सुख-शांति से जीवन जीने की कला




संकलित

## दर्शन

भगवान महावीर, जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर न केवल एक महान तपस्वी थे बल्कि एक महान दार्शनिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी थे। उनके उपदेश आज भी मानव जीवन को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने जिन पांच मूल सिद्धांतों-अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह की शिक्षा दी, वे आज के तनावपूर्ण और भौतिकतावादी युग में भी सुख-शांति का मार्ग दिखाते हैं। अगर हम उनके बताए मार्गों को अपने जीवन में उतारें, तो न केवल व्यक्तिगत स्तर पर सुख-शांति पा सकते हैं, बल्कि समाज और विश्व में भी करुणा, नैतिकता और अहिंसा की भावना को जागृत कर सकते हैं। भगवान महावीर का मार्ग समयातीत है-हर युग में प्रासंगिक और हर मनुष्य के लिए उपयोगी। भगवान महावीर स्वामी का प्रमुख संदेश था- अहिंसा परमो धर्मः। भगवान महावीर ने सत्य को आत्मा की शक्ति बताया। जो वस्तु हमारी नहीं है, उसे न लेना ही अचौर्य है। यह न केवल बाह्य चोरी से संबंधित है, बल्कि मानसिक और नैतिक स्तर पर भी लालच न करने की प्रेरणा देता है। आज जब भोगवादी प्रवृत्तियां चरम पर हैं, यह सूत्र संयम और संतोष का मार्ग दिखाता है। ह्मचर्य का तात्पर्य केवल शारीरिक संयम नहीं, बल्कि इंद्रियों की संपूर्ण नियंत्रण से है। यह व्यक्ति को मानसिक स्थिरता, आत्मानुशासन और ध्यान की शक्ति देता है। आधुनिक जीवन की दौड़ में यह सूत्र आत्म-शक्ति और जीवन-संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकता है।

# जीवन भर काम आएंगी ये बातें



संकलित

## प्रेरणा

चाणक्य नीति को जीवन के गहन रहस्यों की कुंजी माना जाता है। आचार्य चाणक्य, जिनकी दूरदृष्टि, नीति निपुणता और तीक्ष्ण बुद्धि ने एक पूरे साम्राज्य की नींव रखी। यदि किसी धर्म में दया का भाव नहीं है, तो वह केवल एक खोखला आडंबर बन जाता है-ऐसे धर्म को त्याग देना चाहिए। उसी प्रकार जो गुरु ज्ञानहीन हो, पत्नी सदैव क्रोधित रहे और जो बंधुजनों में स्नेह न हो, उन्हें भी त्याग देना चाहिए। आचार्य चाणक्य के अनुसार आज जब समाज में दिखावे और आडंबर का बोलबाला है, यह श्लोक हमें बताता है कि असली मूल्य भावनाओं का है, आचरण का है। रिश्ते तब तक मूल्यवान हैं जब तक उनमें स्नेह, सहयोग और करुणा हो। यदि कोई रिश्ता केवल तनाव और क्रोध से भरा हो, तो वह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए विषाक्त हो सकता है। ऐसे में बुद्धिमत्ता इसी में है कि व्यक्ति ऐसे संबंधों से दूरी बना ले जो जीवन को बोझ बना दें। जैसे सोने की परख उसे घिसने, काटने, तपाने और पीटने से होती है, वैसे ही मनुष्य की असली पहचान उसके त्याग, शील (चरित्र), गुण और कर्म से होती है। आधुनिक युग में जहां व्यक्ति को उसके बाहरी लिबास और सोशल स्टेटस से आंका जाता है। आचार्य चाणक्य का यह श्लोक याद दिलाता है कि सच्ची पहचान परिस्थितियों में दिखती है। जब समय कठिन होता है, तब ही असली चरित्र सामने आता है। ये पंक्तियां आज के नेताओं, शिक्षकों, माता-पिता और हर आम इंसान के लिए मार्गदर्शन का काम करती हैं क्योंकि जीवन का मूल्य उसकी आंतरिक गुणवत्ता से होता है, ना कि उसकी चमक-धमक से।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शादियों में दिखावा गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए।

*-किशन सिंह, रायपुर*

## करंट अफेयर


# कांगड़ा घाटी के रेलवे स्टेशन पर समृद्ध इतिहास वाली कलाकृतियां



हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा घाटी में लगभग 100 साल पुराने कई रेलवे स्टेशन पर 1929 में उनकी स्थापना के बाद से ट्रेन परिचालन में इस्तेमाल हुए पुरातन उपकरणों और कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। इस प्रदर्शनी का आयोजन 18 अप्रैल को मनाए जाने वाले विश्व धरोहर दिवस के उपलक्ष्य में 14 से 20 अप्रैल तक किया गया। कांगड़ा, पालमपुर और पठानकोट जैसे स्टेशन पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस प्रदर्शनी के दौरान रात्रिकालीन सिग्नल प्रणाली के लिए लालटेन, 'लेवल क्रॉसिंग' पर लालटेन, पहिया फिसलने से रोकने के लिए 'स्किप' उपकरण और ट्रेन संचालन में इस्तेमाल किए जाने वाले कई अन्य उपकरणों समेत दुर्लभ उपकरणों को प्रदर्शित किया गया। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता भूपेंद्र ने कहा, इस दौरान फिरोजपुर मंडल ने पठानकोट स्टेशन पर विरासत से जुड़ी कलाकृतियों की प्रदर्शनी, पालमपुर स्टेशन पर विरासत गलियारा, कांगड़ा स्टेशन पर रोशनी का प्रबंध, नूरपुर और बैजनाथ के बीच चलने वाली 'नैरो-गेज' ट्रेन की सजावट, फिरोजपुर स्टेशन और मंडल कार्यालय के पास विरासत से जुड़ी वस्तुओं के विवरण के साथ 'सेल्फी प्वाइंट' की स्थापना की गई। उन्होंने बताया कि मंडल कार्यालय में विरासत से संबंधित चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

## ऑफ बीट

# राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ी मादक पदार्थों की तस्करी



दिल्ली में 2024 की तुलना में 2025 के शुरुआती तीन महीनों में मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों में दोगुनी वृद्धि देखी गई, जबकि आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में 80 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। पुलिस द्वारा रविवार को साझा किये गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आंकड़ों के मुताबिक, एक जनवरी से 31 मार्च 2025 के बीच दिल्ली में आबकारी अधिनियम के तहत कुल 2,496 मामले दर्ज किए गए, जबकि इसी अवधि के दौरान 2024 में कुल 1,382 मामले दर्ज किए गए थे। इसी प्रकार, स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के उल्लंघन के मामले 257 से बढ़कर 544 हो गए। रोजाना औसतन छह मामले सामने आए। आंकड़ों के मुताबिक, शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामले भी बढ़े हैं, जो पिछले वर्ष के 957 से बढ़कर इस वर्ष 1,049 हो गए हैं, जबकि जुआ अधिनियम के तहत दर्ज मामले 2024 के 677 से बढ़कर 1,018 हो गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में अपराध में यह बढ़ोतरी प्रवर्तन कार्रवाई में वृद्धि के कारण हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, शस्त्र अधिनियम और जुआ अधिनियम सहित विभिन्न कानूनों के तहत दर्ज अपराधों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## ट्रेंड

### चैंपियनों को हार्दिक बधाई



सऊदी अरब के दम्मम में छठी एशियाई युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हमारे अंडर-18 एथलीटों द्वारा अविश्वसनीय प्रयास। 11 पदकों की प्रभावशाली संख्या के साथ, उन्होंने देश को बहुत गौरव दिलाया है। हमारे सभी युवा चैंपियनों को हार्दिक बधाई।

**-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री**

### पोप के निधन से दुनिया दुःखी



पोप फ्रांसिस के निधन से पूरी दुनिया दुखी है, जिन्हें आने वाली पीढ़ियां महत्वपूर्ण मानेंगी। वे अंतर-धार्मिक समझ और जुड़ाव के समर्थक थे। वे वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए भी प्रभावशाली शक्ति थे, जिन्होंने भेदभाव समाप्त करने का समर्थन किया।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### यूपी पुलिस ने गिरफ्तार किया



महात्मा ज्योतिबा फुले जी और माता सावित्री बाई फुले जी के जीवन पर बनी फिल्म पर मोदी सरकार के इशारे पर सेंसर बोर्ड द्वारा लगाई गई रोक के विरोध में लखनऊ में प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं को योगी की तानाशाह पुलिस ने किया गिरफ्तार।

**-संजय सिंह, आप नेता**

### पुनर्मूल्यांकन करें



अगर यह आपकी शांति की कीमत चुकाता है, तो यह बहुत महंगा है। कोई भी नौकरी, व्यक्ति या आदत आपकी समझदारी के लायक नहीं है। अपनी शांति की रक्षा करें जैसे कि यह अमूल्य है-क्योंकि यह अमूल्य है। पुनर्मूल्यांकन करें। पुनः प्राप्त करें। पुनः ध्यान केंद्रित करें।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

21- APR- MAIN- Pg- 5 FRINT CITY_Layout 1 4/22/2025 12:29 AM Page 1

बिलासपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025 | वैशाख कृष्ण पक्ष नवमी | वर्ष : 25, अंक : 31 | पृष्ठ : 12+6+8 = 26 मूल्य : 5.00*** | haribhoomi.com


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






**नियमतः निजी स्कूल स्वतः घोषित नहीं कर सकते विद्यालयों में अवकाश**

*अप्रैल की शुरुआत में बदला गया था स्कूलों का समय, लेकिन भीषण गर्मी में इससे नहीं मिल रही राहत*

# घर पहुंचते 'बज रहा 12', निजी स्कूल खुद पहुंचे शासन की शरण में, कहा-बंद कर दें हमारे विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छोटे बच्चों को घर पहुंचते तक 12 बज रहे हैं। 44 डिग्री पर पहुंच चुके पारे के बीच निजी स्कूल संगठन ने खुद ही सरकार से गुहार लगाई है कि उनके स्कूलों को बंद कर दिया जाए। नियमतः निजी विद्यालय अपने स्तर पर अवकाश की घोषणा नहीं कर सकते हैं। इसके कारण उन्होंने अपनी समस्याएं गिनाते हुए छात्रों के स्वास्थ्य का हवाला दिया है। निजी स्कूलों का कहना है कि गर्मी में छात्रों का स्वास्थ्य खराब ▶▶|शेष पेज 6 पर



**केस 1**

बैरनबाजार स्थित एक विद्यालय में शासकीय समयानुसार प्रातः 11 बजे छात्रों को छुट्टी दी गई, लेकिन इस वक्त ही गर्मी इतनी अधिक बढ़ चुकी थी कि बच्चों को लेने आए पालक छाता, स्कार्फ, टोपी लेकर पहुंचे रहे।

**केस 2**

बड़े विद्यालयों के इतर कई छोटे और मंझोले स्तर के स्कूलों में गर्मी से छात्रों को बचाने पंखे के अलावा और कोई साधन नहीं है। सिविल लाइन स्थित एक विद्यालय के विद्यार्थियों की छुट्टी दोपहर 3 बजे हुई। पूरी दोपहर गर्मी में पढ़ाई करने का असर उनके स्वास्थ्य पर दिख रहा था। उन्हें लेने पहुंचे पालक ग्लूकोज की बोतल लेकर पहुंचे थे।

**केस 3**

आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल सहित निजी हॉस्पिटल में भी गर्मी के कारण बीमार होकर पहुंचने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है। मेडिकल संचालकों के मुताबिक, ओआरएस व इलेक्ट्रॉल पॉउडर की बिक्री बढ़ी है।




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### जेईई-एडवांस्ड परीक्षा संबंधी याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें 2023 में 12वीं की परीक्षा पास करने वाले छात्रों को प्रतिष्ठित आईआईटी में प्रवेश पाने के लिए 'जेईई-एडवांस्ड' 2025 में भाग लेने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

### पूर्व प्रशिक्षु आईएएस को दो मई को पेश होने के निर्देश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी और अन्य पिछड़ा वर्ग तथा दिव्यांगता श्रेणी के तहत आरक्षण का गलत लाभ उठाने की आरोपी, पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को दो मई को दिल्ली पुलिस के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया।

### जम्मू-श्रीनगर हाईवे लगातार दूसरे दिन बंद



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को बादल फटने और लैंडस्लाइड से इलाके में तबाही मच गई थी। रामबन इलाके में सोमवार को भी रेस्क्यू अभियान चलाते हुए घरो और सड़कों से मलबा हटाया जा रहा है। हालांकि, जम्मू श्रीनगर हाईवे दूसरे दिन भी बंद रहा। इसके चलते सैकड़ों ट्रक और वाहन अलग-अलग स्थानों पर फंसे हुए हैं। इसमें हजारों पर्यटक भी शामिल हैं।

### बस से टकराई बाइक दो युवकों की गई जान



**बलिया।** बलिया जिले के फेफना थाना क्षेत्र में बस की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। बैरिया थाना क्षेत्र के श्रीनगर दुबेछपरा गांव के शुभम कुमार सिंह (22) तथा गौरव कुमार सिंह (25) मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे।

### ट्रक ने कई वाहनों को मारी टक्कर, 3 की मौत



**पुणे।** महाराष्ट्र के लोनावला हिल स्टेशन के पास पुराने पुणे-मुंबई राजमार्ग पर एक ट्रक के पांच वाहनों से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना रविवार रात 10 बजकर 20 मिनट पर बोरघाट के पास बैटरी हिल पर घटी। ट्रक के संभवतः ब्रेक फेल हो गए थे जिसके बाद वह अनियंत्रित हो गया और पांच वाहनों से जा टकराया।

### अटैच संपत्ति में नकदी 3.29 करोड़ के साथ सिक्योरिटी बॉन्ड और डीमैट अकाउंट शामिल

# महादेव सट्टे में सात राज्यों में छापे के बाद ईडी ने की 576 करोड़ की संपत्ति अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईडी द्वारा जारी बयान के मुताबिक इस कार्रवाई में 3.29 करोड़ रुपए कैश जब्त किया गया है। इसके अलावा, 573 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के सिक्योरिटी, बॉन्ड और डीमैट खातों को फ्रीज किया गया है। साथ ही बड़ी संख्या में आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं।

ईडी ने अपनी जांच में पाया है कि महादेव सट्टा एप से जुड़े लोग आर्गेनाइज नेटवर्क के रूप में कार्य कर रहे हैं। अपने यूजर को सट्टा संचालित करने अलग-अलग वेबसाइट में प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहे हैं। ईडी की पड़ताल में यह बात सामने आई है कि महादेव सट्टा संचालन करने वाले विदेश से आई ब्लैकमनी को व्हाइट मनी में बदलने के लिए लघु, स्माल इंडस्ट्रीज (एसएमई) के शेयरों में रकम निवेश करने का काम कर रहे हैं। इन निवेशों का उपयोग एसएमई सेक्टर की कुछ कंपनियों के शेयरों में कृत्रिम मूल्य वृद्धि करके आम निवेशकों को धोखा देने के लिए किया ▶▶|शेष पेज 6 पर

*प्रवर्तन निदेशालय के रायपुर जोनल कार्यालय ने महादेव सट्टा एप से जुड़े लोगों के दिल्ली, मुंबई, इंदौर, अहमदाबाद, चंडीगढ़, चेन्नई और ओडिशा के संबलपुर सहित कई ठिकानों पर छापे की कार्रवाई के बाद पौने छह सौ करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। ईडी ने सट्टा एप से जुड़े लोगों के यहां पिछले सप्ताह 16 अप्रैल को छापे मारे थे।*

**हरिभूमि फॉलोअप**

### शेयर दलाल, एजेंट जांच के दायरे में

महादेव सट्टा एप की ब्लैक मनी ठिकाने लगाने शेयर दलाल, एजेंट तथा हवाला कारोबारियों की बड़ी भूमिका रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ईडी के अफसर शेयर दलाल, एजेंट तथा हवाला कारोबारियों की भूमिका की अलग से पड़ताल कर रहे हैं। जिन सात राज्यों के अलग-अलग शहर में ईडी ने छापे मारे हैं, उनमें कई शेयर दलाल, हवाला कारोबारी शामिल बताए जा रहे हैं।

**खास बातें**

- लघु, मध्यम उद्योगों के शेयर में निवेश
- विदेश से आई ब्लैक मनी को एसएमई शेयर में निवेश करने की मिली जानकारी



महादेव सट्टे में देश के आधा दर्जन राज्यों में ईडी के ताबड़तोड़ छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप मामले में पिछले महीने छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा आईपीएस अफसरों के ठिकानों पर सीबीआई की दबिश के बाद ईडी ने महादेव सट्टा एप को लेकर देश के आधा दर्जन राज्यों में छापे की कार्रवाई की है। मध्यप्रदेश के भोपाल, कोलकाता, दिल्ली तथा राजस्थान के जयपुर, चंडीगढ़,

■ कई जगहों से शैल कंपनी, क्रिप्टो

ढाई हजार करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जब्त

महादेव सट्टा एप मामले में ईडी ने कोर्ट में चार अलग-अलग आरोप पत्र दाखिल कर एक दर्जन से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अभी भी जेल में बंद हैं। इसके साथ ही ईडी

### जोनल ऑफिस खुलने के बाद जांच में तेजी

छत्तीसगढ़ में ईडी के सब जोनल कार्यलय का जोनल कार्यालय के रूप में अपग्रेड होने के बाद महादेव सट्टा एप सहित अन्य घोटालों की जांच में तेजी आई है। पूर्व में छत्तीसगढ़ मुंबई जोनल कार्यालय से जुड़ा था इस वजह से बड़ी कार्रवाई करने अनुमति लेने में देरी होती थी। आने वाले दिनों में महादेव सट्टा एप से जुड़े लोगों के खिलाफ ईडी की कार्रवाई और तेज होगी।

### अब तक तीन हजार करोड़ की संपत्ति अटैच

महादेव सट्टा एप से जुड़े लोगों के पौने दो सौ ठिकानों पर ईडी ने छापे की कार्रवाई की है। छापे की कार्रवाई में ईडी ने तीन हजार दो करोड़ 47 लाख की चल, अचल संपति अटैच की है। सट्टा एप से जुड़े एक दर्जन से ज्यादा लोगों को ईडी ने गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही 70 से ज्यादा संस्थाओं को आरोपी बनाया है। महादेव सट्टा एप से जुड़े मामले में ईडी ने कोर्ट में अब तक पांच अभियोजन पत्र दाखिल किया है। सर्च के दौरान यह भी सामने आया है कि शेयर दलाल और एजेंटों की मदद से कंपनियों के प्रमोटरों ने शेयर की कीमतों में हेरफेर कर अपनी कंपनियों का बाजार मूल्य कृत्रिम रूप से बढ़ाया।

### पीएम मोदी और जेडी वेंस की मुलाकात

# भारत-अमेरिका के बीच रक्षा और टेक्नोलॉजी क्षेत्र में बढ़ेगा सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति जेडी वेंस चार दिन के दौरे पर भारत आए हैं। सोमवार शाम उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई। ये मुलाकात भारत-अमेरिका के बीच व्यापार और रिश्ते को लेकर काफी अहम रही। जिस वक्त अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर तनाव बना हुआ है, उस वक्त जेडी वेंस का ये दौरा वैश्विक माहौल में भारत की अहमियत को दिखाता है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि इसी साल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी भारत दौरे पर आ सकते हैं। जेडी वेंस का ये दौरा इसलिए भी अहम है क्योंकि उपराष्ट्रपति बनने के बाद वो जिन देशों में भी गए वहां अपने बयानों की वजह से चर्चाओं में रहे।


फ्रांस दौरे पर उन्होंने यूरोपीय देशों को चेतावनी दी थी, जबकि जर्मनी दौरे पर उन्होंने कहा कि यूरोप को सबसे बड़ा खतरा अंदर से है। ग्रीनलैंड को तो उन्होंने अमेरिका में शामिल होने का ऑफर दे दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद जेडी वेंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट किया।

### इन मुद्दों पर हुई बात

- दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया
- पीएम मोदी ने अमेरिकी दौरे और राष्ट्रपति ट्रंप से हुई चर्चा को याद किया
- भारत-अमेरिका द्विपक्षीय साझेदारी की प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन किया
- ऊर्जा, रक्षा और रणनीतिक तकनीकों के क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर भी सहमति व्यक्त की
- दोनों नेताओं ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देने की बात कही
- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं

### अब कराएगी विकास के काम

# 'नक्सल' से मुक्त हुए छह जिले, पर फोर्स नहीं हटेगी



राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के खात्मे के ऐलान के बाद लगातार नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या घट रही है। इससे पूर्व तक देश के नक्सल प्रभावित 90 जिले थे इनकी संख्या वर्तमान में लगातार घटते हुए 75 रह गई है। नक्सल प्रभावित व नक्सलमुक्त जिलों को तीन श्रेणी अति नक्सल प्रभावित, नक्सल प्रभावित व पूर्व नक्सल प्रभावित की श्रेणी में बांटा गया है। नक्सलमुक्त होने के बाद भी इन जिलों में फोर्स की तैनाती रहेगी जो क्षेत्र के विकास होने तक इन इलाकों में तैनात ▶▶|शेष पेज 6 पर

**खास खबर**



### बैकफुट में नक्सली

नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई का परिणाम है कि संभाग के बस्तर व कोंडागांव के बाद दंतेवाड़ा जिले से नक्सलियों का लगभग सफाया कर नक्सलमुक्त करने हम प्रयासरत है। नक्सली बैकफुट में है बहुत जल्द पूरे संभाग को नक्सलमुक्त कर लिया जाएगा जिसके लिए शासन की मंशानुरूप रणनीति के तहत हम नक्सलियों के सफाए के साथ ही क्षेत्र के विकास की नीति पर काम कर रहे हैं।

-सुंदरराज पी

### नक्सलमुक्त जिलों में भी रहेगी फोर्स तैनात

*केन्द्र सरकार ने प्रदेश के 5 जिलों को नक्सलमुक्त की श्रेणी में रखा है लेकिन इन जिलों से फोर्स को नहीं हटाया जाएगा, इन जिलों के विकास के लिए एक ओर जहां फोर्स की तैनाती रहेगी।* ▶▶|शेष पेज 6 पर

### इन इलाकों से सिमटे नक्सली, खदेड़ने हो रहा प्रयास

बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित नौ इलाकों में वर्तमान में फोर्स का पूरा ध्यान है जहां नक्सलियों को टॉरगेट किया जा रहा है। इन इलाकों में अबूझमाड़ के उत्तरी व दक्षिणी क्षेत्र के अलावा नेशनल पार्क एरिया, इन्द्रावती एरिया, पिड़िया हिरोली एरिया, पामेड़ व उसूर एरिया, बीजापुर व सुकमा का सीमाई इलाका जिसे नक्सल लीडर हिड़मा का आधार क्षेत्र माना जाता है। इसके अलावा दंतेवाड़ा व सुकमा का सीमाई इलाका तथा जगरगुण्डा व किस्टाराम का सीमावर्ती इलाका शामिल है जहां वर्तमान में नक्सलियों की मौजूदगी बताई जा रही है। नक्सलियों के इन आधार इलाकों में वर्ष 2024 से अब तक 38 नए कैम्प खोले जा चुके है।

**वायुसेना अफसरों पर हमला**

# विंग कमांडर-स्क्वाड्रन लीडर के साथ मारपीट, किया लहूलुहान

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से एक शर्मनाक वारदात सामने आई है। बेंगलुरु में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर शिलादित्य बोस और उनकी पत्नी स्क्वाड्रन लीडर मधुमिता के साथ खुलेआम मारपीट की गई है। दोनों अधिकारी डीआरडीओ कॉलोनी, सीवी रामन नगर से एयरपोर्ट की ओर जा रहे थे।



इस दौरान ये घटना सामने आई। विंग कमांडर बोस ने एक वीडियो शेयर कर के इस पूरी घटना की जानकारी दी है। पुलिस ने विंग कमांडर शिलादित्य बोस की पत्नी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि कर्नाटक के बेंगलुरु में सोमवार सुबह कन्नड़ भाषा बोलने वाले कुछ लोगों ने भारतीय वायुसेना के एक अधिकारी पर कथित तौर पर हमला किया और उनके साथ गाली-गलौज भी की। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने बाइक से उनका पीछा भी किया।

### आरोपी गिरफ्तार

सोशल मीडिया पर वीडियो के वायरल होने के बाद बेंगलुरु पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वायुसेना अधिकारी की कार में लगे डैशकैम रिकॉर्ड के आधार पर आरोपी की पहचान स्विगी के डिलीवरी ब्वॉय के तौर पर की गई है। पुलिस ने उसे अरेस्ट कर लिया है। अब उससे पूछताछ की जा रही है कि बात हाथापाई तक क्यों पहुंची।

### शहीद वाटिका में अंतिम विदाई

# नक्सली आईईडी विस्फोट में सीएएफ का जवान शहीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से सोमवार को छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का एक जवान शहीद हो गया। यह घटना जिले के तोयनार-फरसेगढ़ मार्ग पर स्थित मोरमेड जंगल में हुई। यह स्थान तोयनार से लगभग 4 किलोमीटर दूर है। शहीद जवान मनोज पुजारी 26 वर्ष सीएएफ की 19वीं बटालियन में तैनात थे। वे मार्ग निर्माण कार्य की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे, उस दौरान दर्दनाक हादसा हुआ। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### शहीद को दी गई अंतिम विदाई

शहीद जवान मनोज पुजारी को सोमवार की शाम शहीद वाटिका में अंतिम विदाई दी गई। नम आंखों और भारी मन से स्थानीय लोग, साथी जवान और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

### अमेरिकी दौरे पर उठाए ईसी पर सवाल, आपस में भिड़ी कांग्रेस-भाजपा

# राहुल बोले-निर्वाचन आयोग ने 'कर लिया है समझौता'

एजेंसी ▶▶| बोस्टन

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग ने 'समझौता कर लिया है' और 'प्रणाली में कुछ गड़बड़ है'। राहुल गांधी शनिवार को अमेरिका पहुंचे। राहुल का यह वीडियो सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। राहुल गांधी के इस बयान को भाजपा ने भारत की संवैधानिक संस्था का अपमान बताते हुए कहा कि राहुल गांधी ने विदेशों में भारत को बदनाम करने की सुपारी ले रखी है। इधर, कांग्रेस ने राहुल गांधी का बचाव किया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते ▶▶|शेष पेज 6 पर



### क्या कहा था राहुल गांधी ने

अमेरिकी दौरे पर गए कांग्रेस नेता ने बोस्टन यूनिवर्सिटी में छात्रों को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि भारत में सिस्टम में कुछ तो बुनियादी गड़बड़ियां हैं। उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि उस चुनाव के दौरान माहौल बिल्कुल अलग था। इस चुनाव के दौरान महज 2 घंटे के अंदर वोटर लिस्ट में करीब 65 लाख मतदाता जुड़ गए, जो कि लगभग असंभव है।

### भाजपा ने राहुल को देशद्रोही बताया

भाजपा ने निर्वाचन आयोग के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर सोमवार को राहुल गांधी को 'देशद्रोही' करार दिया और उन पर 'नेशनल हेराल्ड' मामले में ईडी की कार्रवाई को लेकर निर्वाचन आयोग पर अपनी भड़ास निकालने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, आप प्रवर्तन निदेशालय (की 'नेशनल हेराल्ड' मामले में कार्रवाई) की वजह से निर्वाचन आयोग पर भड़ास निकाल रहे हैं।

### राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेस

अमेरिका के बोस्टन में चुनाव आयोग पर दिए बयान के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के समर्थन में उतर आई है। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस को भारतीय चुनाव आयोग के काम करने के तरीके पर शक है।

21- APR- COR- MAIN- Pg- 6 SARA SANSAR_Layout 1 4/21/2025 10:23 PM Page 1



# इंसानों की हो रही थी मैराथन रेस, कंपनी ने दौड़ा दिए अपने रोबोट



## बीजिंग में हाफ मैराथन में 21 ह्यूमनॉयड रोबोट्स ने लिया भाग

बीजिंग। एक अनोखी घटना में चीन के बीजिंग शहर में एक हाफ मैराथन रेस में कुछ ह्यूमनॉयड रोबोट्स ने भाग लिया। दरअसल, बीजिंग शहर में इस रेस का आयोजन किया गया था। रोबोट क्या इंसानों की तरह दौड़ सकते हैं? एक कंपनी के वैज्ञानिकों ने इसका परीक्षण भी किया। इसीलिए, उन्होंने रेस में एक दो नहीं, बल्कि पूरे के पूरे 21 ह्यूमनॉयड रोबोट्स को ही मैराथन में दौड़ा दिया है। मैराथन आयोजकों ने इसकी अनुमति तो दे दी, लेकिन साथ ही कुछ शर्तें भी रखी थीं। रेस में औपचारिक तौर पर इंसानों और रोबोट का कोई मुकाबला नहीं था, लेकिन नतीजे बहुत ही रोचक मिले थे।



### आयोजकों ने रखी थी शर्त

बीजिंग इनोवेशन सेंटर ऑफ ह्यूम रोबोटिक्स ने अपने इंसानों जैसे बनाए रोबोट्स को हाफ मैराथन दौड़ में शामिल कराया।खास बात यह थी कि कि आयोजकों ने यह शर्त रखी थी कि रोबोट्स इंसानों की तरह दिखें, वे चल सकते हों या दौड़ सकते हों, और सबसे अहम बात, उनमें किसी तरह के चक्के लगे नहीं होने चाहिए।

### एक जैसे नहीं थे सारे रॉबोट्स

शनिवार को हुई इस 21 किलोमीटर की दौड़ में हजारों इंसानों के साथ रेस में 21 रोबोट भी दौड़ते देखे गए। दिलचस्प बात ये थी कि सभी रोबोट एक से नहीं थे, बल्कि उनमें से कई अलग अलग डिजाइन के मॉडल्स थे। जहां कुछ की लंबाई 3 फुट 9 इंच थी यानी की 114 सेमी थी, वहीं दूसरे 5 फुट 9 इंच यानी 175 सेमी लंबे थे।

### किसे कितना समय लगा?

यह पहले से ही ऐलान कर दिया गया था कि रेस में इंसानों और रोबोट के बीच किसी तरह का मुकाबला नहीं माना जाएगा। यानी प्रतिभागियों को केवल दूसरे इंसानों से ही रेस करनी थी।दौड़ में पाया गया कि जहां इंसानों के विजेता ने एक घंटे और दो मिनट का समय लगाया, वहीं रोबोट के विजेता तियानगोंग अल्ट्रा दो घंटे और 40 मिनट का समय लिया।



### दर्शकों ने भी किया प्रोत्साहित

ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक दौड़ पूरी करने के बाद रेस पूरी करने के बाद रोबोट बहुत ही अच्छे से वेटिंग एरिया में रुके, लेकिन उस समय उनमें थकावट के किसी तरह के संकेत नहीं दिख रहे थे। बल्कि, साथ में मैराथन की दौड़ पूरी करने वाले इंसानी प्रतिभागी उनके साथ फोटो खिंचवाने की होड़ में लग गए थे। इतना ही नहीं, रोबोट्स को दर्शकों ने भी खूब प्रोत्साहित किया।

### तीन बार बदली गई रोबोट्स की बैटरी

कंपनी के मुख्य तकनीकी अधिकारी टैंग जियान का दावा है कि उसका बनाया हुआ रोबोट पश्चिम में बनाए किसी भी रोबोट के मुकाबले खेलों में बहुत आगे हैं। रोबोट के लंबे पैर और खास एल्गॉरिदम की वजह से वे इस तरह की मैराथन में इंसानों के साथ दौड़ सके। इस रेस के दौरान तीन बार रोबोट्स की बैटरी को बदला गया था। एक रोबोट स्टार्टिंग लाइन के पास ही गिर गया था और कुछ देर तक जमीन पर ही पड़ा रहा था। वहीं, दूसरा एक रेलिंग में ही भिड़ गया था।

## रोचक खबरें



### इतिहास और किवदंतियों से मशहूर है ये झरना, पर आज भी नहीं सुलझ सका है इसके स्रोत का रहस्य

**पेरिस।** दुनिया में हर अनोखी नदी या झरने का उद्गम का पता लगाया गया है। फिर भी कई स्रोतों की जानकारी नहीं हैं। इनमें से एक है फ्रांस के टोनर्रे का फॉसे डायोन झरना। इसे किसी कुदरती करिशमे से कम नहीं माना जाता है। इसकी वजह यही है कि उसके स्रोत का आज तक पता नहीं चल सका है। अजीब बात ये है कि इसका इस्तेमाल तो कई सदियों से होता आ रहा है और इसके स्वरूप में भी बदलाव हुए। इसके साथ कई कहानियां यहां तक किवदंतियां भी जुड़ीं, लेकिन इसके रहस्य का पता आज तक नहीं पता चला। फॉसे डायोन का अपना लंबा इतिहास है जिसमें बस स्रोत का हिस्सा ही गायब है। रोमनों इस झरने का इस्तेमाल शुरू किया, सेल्ट्स ने इसे पवित्र माना, 1700 के दशक में फ्रांसीसियों ने इसे गोल पत्थर के आकार के बेसिन में बंद किया और इसे एक सामुदायिक वॉश हाउस में बदल दिया। समय के साथ इसके साथ किवदंतियां भी जुड़ीं जिनमें से कई आज भी सुनी जाती हैं। इसके साथ एक सांप, एक साधु और यहां तक कि इसे दूसरी दुनिया के दरवाज़े की कहानियां भी जुड़ी हैं। फॉसे डायोन का सबसे बड़ा रहस्य यही है कि उसके पानी के स्रोत क्या है। बताया जाता है कि य यह भी दूसरे कार्स्ट झरनों की तरह जमीन के नीचे चूने के पत्थर की गुफाओं के जाल में छिपा है।

# नासा ने मंगल पर खोजी सोने की चट्टान! देखते ही खुशी से पागल हुए साइंटिस्ट, इंसानों को होगा बंपर फायदा?


वॉशिंगटन। नासा का पर्सवियरेंस रोवर मंगल ग्रह पर लगातार चौंकाने वाले खुलासे कर रहा है। इस बार उसे उसे वहां ढेर सारी अलग-अलग चट्टानें मिली हैं, जो मंगल के पुराने दिनों की कहानी बता रही हैं। ये रोवर जेजेरो क्रेटर नाम की जगह पर घूम रहा है, जो बहुत पहले झील हुआ करती थी, लेकिन अब सूखी है। पिछले दिसंबर से रोवर एक ऊंची ढलान पर काम कर रहा है, जिसे विच हेजल हिल कहते हैं। ये ढलान मंगल के उस समय के राज खोल सकती है, जब वहां का मौसम बिल्कुल अलग था।

### रोवर ने वैज्ञानिकों को चौंकाया

एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों में रोवर ने पांच चट्टानों के टुकड़े इकट्ठे किए, सात चट्टानों की अच्छे से जांच




की और 83 चट्टानों पर लेजर से टेस्ट किए। नासा का कहना है कि चार सालों में पहली बार रोवर ने इतनी तेजी से मंगल पर पहुंचने के बाद काम किया है।



### 3.9 अरब साल पुरानी हो सकती है चट्टान

दक्षिणी कैलिफोर्निया में नासा की जेट प्रोप्लशन प्रयोगशाला में पर्सिवियरेंस की परियोजना वैज्ञानिक केटी मॉर्गन ने एक बयान में कहा कि जेजेरो क्रेटर का पश्चिमी हिस्सा वैज्ञानिकों के लिए सोने की तरह है। यहां ऐसी चट्टानें मिली हैं, जो बहुत पहले मंगल की गहराई से बाहर आई थीं। शायद ये उल्कापातों की वजह से निकलीं, जिनमें जेजेरो क्रेटर बनाने वाला उल्कापात भी हो सकता है। रोवर को एक खास चट्टान मिली, जिसे 'सिल्वर माउंटेन' कहते हैं। ये करीब 3.9 अरब साल पुरानी हो सकती है, जब मंगल पर बहुत सारे उल्कापात होते थे। रोवर ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, ये चट्टान अब तक की सबसे अलग है। पास ही एक और चट्टान मिली, जिसमें सर्पेंटाइन नाम का खनिज है। ये खनिज तब बनता है, जब पानी और ज्वालामुखी चट्टानें मिलती हैं। वैज्ञानिक कहते हैं कि इस प्रक्रिया से हाइड्रोजन गैस बन सकती है, जो पृथ्वी पर जीवन के लिए जरूरी है। मॉर्गन ने कहा, 'पिछले चार महीने विज्ञान टीम के लिए बहुत व्यस्त रहे हैं, और हमें अभी भी लगता है कि विच हेज़ल हिल के पास हमें बताने के लिए बहुत कुछ है।' हम हाल ही में एकत्र किए गए सभी रोवर डेटा का उपयोग यह तय करने के लिए करेंगे कि क्रेटर रिम से अगला नमूना कहां और कहां एकत्र किया जाए।



### अभी खुलेंगे और भी राज, क्या होगा इससे फायदा

वैज्ञानिकों का कहना है कि विच हेजल हिल के पास और भी राज हैं। रोवर जो जानकारी इकट्ठा कर रहा है, उससे ये तय होगा कि अगली चट्टान कहां से ली जाए. वैज्ञानिक केटी मॉर्गन ने कहा, 'ये इलाका वैज्ञानिकों के लिए मजेदार है। हर कदम पर नई चट्टानें मिल रही हैं।' वैज्ञानिक इन चट्टानों को पृथ्वी पर लाकर देखना चाहते हैं कि क्या मंगल पर कभी जीवन था। लेकिन, ये काम आसान नहीं। इस मिशन में बहुत सारा पैसा और समय लगेगा। नासा इसके लिए प्लान बना रहा है। पर्सवियरेंस रोवर मंगल के पुराने राज खोल रहा है। जेजेरो क्रेटर की चट्टानें बता रही हैं कि मंगल पहले कैसा था। शायद ये ये भी बताएं कि वहां कभी जीव-जंतु थे या नहीं। अगर, इसमें कुछ जानकारी मिल जाए तो वह दिन दूर नहीं जब लोग मंगल ग्रह पर भी रहने लगेंगे।

# चंद्रमा पर कहां से आया पानी? चंद्रयान मिशन की बड़ी खोज के बाद वैज्ञानिकों के हाथ लगी एक और बड़ी सफलता

वॉशिंगटन। भारत के चंद्रयान मिशन के दौरान चंद्रमा पर पानी की खोज की गई थी। इसके साथ ही दशकों से आ रही सबसे बड़ी खोज का अंत हो गया है कि चंद्रमा की सतह पर पानी कैसे बनता है। वैज्ञानिकों की एक टीम ने अब पता लगा लिया है कि आखिर चंद्रमा के ऊपर पानी से कहां से आया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के नेतृत्व वाले रिसर्चर्स ने पुष्टि की है सूरज से आने वाली रोशनी और सौर हवा, पानी के निर्माण की सबसे बड़ी स्रोत है। इस खोज के बाद से दशकों से आ रही सबसे बड़ी खोज का समाधान हो गया है कि चंद्रमा की सतह पर पानी कैसे बनता है।



### चंद्रमा पर कैसे आया पानी?

रिसर्च में पता चला है कि सौर वायु, सूर्य से निकलने वाला उत्सर्जित हाई स्पीड वाले प्रोटॉन (हाइड्रोजन नाभिक) का एक सतत प्रवाह, चंद्रमा की वायुहीन सतह पर प्रति घंटे दस लाख मील से ज्यादा की स्पीड से बमबारी करता है। पृथ्वी के विपरीत, जो चुंबकीय क्षेत्र और वायुमंडल से सुरक्षित है, जबकि चंद्रमा की सतह सीधे उजागर होती है। जब ये प्रोटॉन चंद्रमा की मिट्टी या रेगोलिथ से टकराते हैं, तो वे इलेक्ट्रॉनों को पकड़ लेते हैं और हाइड्रोजन परमाणु बनाते हैं। ये हाइड्रोजन परमाणु फिर चंद्र खनिजों में प्रचुर मात्रा में ऑक्सीजन परमाणुओं के साथ बंध जाते हैं, जिससे मिट्टी में सिर्फ मिलीमीटर गहराई पर हाइड्रॉक्सिल और पानी के अणु बनते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक 1960 के दशक से ही वैज्ञानिकों ने इस बात की कल्पना करना शुरू किया कि सूर्य से आने वाले आवेशित कण चंद्रमा पर रासायनिक प्रतिक्रियाओं को सक्रिय कर सकते हैं, जिससे पानी के अणु बन सकते हैं। मौजूदा रिसर्च में अब तक के सबसे यथार्थवादी प्रयोगशाला सिमुलेशन में इस सिद्धांत को मान्यता दी गई है।





### चंद्रमा पर इंसानों को बसाने की है मकसद

पृथ्वी पर मौजूद किसी भी नमी को हटाने के लिए नमूनों को पहले से बेक करके, टीम ने बिना किसी संदूषण के परिणाम सुनिश्चित किए। नासा के वैज्ञानिकों की ये खोज उसकी आर्टमिटिस प्रोग्राम के लिए काफी महत्वपूर्ण है, जिसका मकसद चंद्रमा पर इंसानों को बसाने की है। जहां माना जाता है कि ज्यादातर पानी स्थायी रूप से छायादार क्रेटरों में जम गया है। इस खोज से पता चलता है कि चंद्रमा पर पानी सिर्फ एक अवशेष नहीं है, बल्कि सौर हवा के संपर्क से लगातार इसकी भरपाई हो सकती है, जिससे एक गतिशील चंद्र जल चक्र बनता है। यियो ने कहा, 'यहां रोमांचक बात यह है कि केवल चंद्रमा की मिट्टी और सूर्य से एक बुनियादी घटक, जो हमेशा हाइड्रोजन को बाहर निकालता रहता है।

### 24 अप्रैल को आसमान में होगा चमत्कार, दिखेगा 'सुबह का तारा'!

**नई दिल्ली।** गुरुवार, 24 अप्रैल को सनराइज से एक घंटा पहले अगर आप अपने रूम से बाहर निकलेंगे और आसमान साफ रहा, तो आपको पूरब दिशा में बेहद ही शानदार नजारा देखने को मिलेगा। दरअसल, शुक्र ग्रह तब इस वक्त -4.4 मैग्नीट्यूड पर चमक रहा होगा, जो पृथ्वी से देखा गया अब तक का सबसे चमकीला ग्रह भी है। इसके बाद यह नजारा 22 सितम्बर 2026 तक नहीं दिखेगा। वैज्ञानिकों ने इसे 'सुबह का तारा' उपनाम दिया गया है, क्योंकि यह पूरब दिशा में उगता है और सूर्योदय से ठीक पहले चमकता है।

# हाथी के गोबर से बनाते हैं लड्डू, दूर-दूर से चखने आ रहे लोग, एक प्लेट की कीमत कर देगी हैरान

**बीजिंग।** चीन का एक रेस्त्रां हाथी के गोबर से बने लड्डू के लिए मशहूर है। वर्षावन नाम के इस रेस्त्रां में सिर्फ चीन से ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी लोग सिर्फ इस लड्डू का स्वाद चखने के लिए आते हैं। इसे खाने के लिए लाइन लगाई जाती है। काफी मशक्कत के बाद ऑर्डर प्लेस हो पाता है और लोग इस अजीबोगरीब लड्डू का स्वाद चख पाते हैं। चीनी



न्यूज वेबसाइट के मुताबिक, इस रेस्त्रां की शुरुआत चीन के ब्लांग जनजाति के एक शख्स ने की थी। उसी समय से इस रेस्त्रां का शेफ फ्रांस का है। इस रेस्त्रां की सबसे ख़ास बात है कि यहां आपको ना सिर्फ हाथी के गोबर से बना लड्डू मिल जाएगा, बल्कि इस गोबर के इस्तेमाल से बने लगभग 14 डिश भी मिल जाएंगे। हर डिश का स्वाद उतना ही अनोखा होता है, जिसे खाने के लिए लोग अपने पूरे परिवार के साथ आते हैं। कई टूरिस्ट तो फ्रांस से सिर्फ हाथी के गोबर के लड्डू का स्वाद चखने ही आते हैं।

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar, Raipur- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.Website: www.navaraipuratalnagar.com

**Notice Inviting Application**

**NIT No.: 3735 /R-05/PRJ/NRANVP/2024** **Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 16/04/2025**

Nava Raipur Atal Nagar Vikas Pradhikaran invites applications for the allotment of **Furnished Built-up 21, Nava space for the establishment** of IT companies at Commercial Complex, CBD, Sector Raipur Atal Nagar on License basis. The Applicants shall submit the applications as per the format provided on the website.

Allotment shall be done by draw of lots. The Fixed Monthly License fee for allotment of Furnished Built-up space is **INR 300.00 per seat.** The Application Processing Fee is **INR 5,900/- only** (inclusive of GST). The important dates are as per below:

| | |
|---|---|
| **Last Date of Submission of Application** | Application can be submitted till 3:00 PM on or before 08th May 2025 **The Applicants shall be intimated later regarding the date of draw of lots** |

**Note: If the date of submission falls on public holiday, then the next working day shall be considered as the Date of submission.**
**Any amendment/modification in the tender documents, will only be uploaded on the NRANVP's website https://navaraipuratalnagar.com/ and shall not be published in any newspaper.**
**Approved by CEO**

**Manager (Estate)**
**S.-43597** **NRANVP, Nava Raipur Atal Nagar**

**कार्यालय नगर पंचायत वाड्रफनगर**
**जिला बलरामपुर रामानुजगंज (छ.ग.)**

क्रमांक/223/लो.नि.वि./ न.पं. / 2025 वाड्रफनगर, दिनांक 17/04/2025

**// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 15वें वित्त आयोग अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रमांक 04, 05, 11 एवं 13 मे पाईप लाईन विस्तारीकरण कार्य। | 6.53 | 29/04/2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की समान्य शर्ते धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधी में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलिथीन का उपयोग न करें।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत वाड्रफनगर,**
**संवाद- 43596** **जिला - बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 06.05.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र./दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 11 | जिला बिलासपुर वि.ख. कोटा के करैहा पारा में हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर। | 68.72 |
| 2 | 12 | जिला बिलासपुर के वि.ख. तखतपुर के भरनी में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 2, बिलासपुर। | 116.28 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

**अधीक्षण अभियंता**
**जी. 252600358/2** **लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**वि./ यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

पत्र क्र. 1077/ व.ले.लि./2025-26 बिलासपुर दिनांक 17.04.2025

निविदा सूचना क्रं. 10/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 06.03.2025 मुंगेली जिले के विकासखण्ड मुंगेली अंतर्गत पथरिया बैराज योजना के जलद्वारों का पेंटिंग तथा सुधार / मरम्मत कार्य एवं कार्य स्थल पर प्रकाश व्यवस्था कार्य (प्रथम आमंत्रण) निविदा सिस्टम क्रं. 165497 को एकल निविदा आमंत्रण प्राप्त होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।
विज्ञापन क्रं. जी 242505824/7 दिनांक 09.03.2025

**कार्यपालन अभियंता**
**वि./ यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट**
**जी. 252600372/2** **संभाग सकरी बिलासपुर (छ.ग.)**

**State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh**
**Shankar Nagar, Raipur**
**राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर**
Telephone-0771-2443596, 2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

पत्र क्रं/शिक्षक शिक्षा/ 30-1/2025-26/1304 रायपुर दिनांक 17/04/2025

**बी.एड. (विभागीय) / एम.एड. (विभागीय) व एम. एड. सीधी भर्ती**
**सत्र 2025 - 27 में प्रवेश की सूचना**

सत्र 2025-27 के लिए शासकीय उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान, बिलासपुर, शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर व शासकीय शिक्षा महाविद्यालय कांकेर में संचालित द्विवर्षीय पाठ्यक्रम बी.एड. (विभागीय) तथा शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर /उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान बिलासपुर में संचालित एम.एड. (विभागीय) व एम. एड. (सीधी भर्ती) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट https://scert.cg.gov.in में निम्नलिखित तिथियों तक कर सकते है:-

| क्र. | पाठ्यक्रम का नाम | ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि | संबंधित शिक्षा महाविद्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एड. (विभागीय) | 22.04.2025 से 07.05.2025 | 13.05.2025 तक |
| 2 | एम.एड. (विभागीय) | | |
| 3 | एम.एड. (सीधी भर्ती) | | |

शासकीय शिक्षा महाविद्यालय में एम.एड. (विभागीय) / एम.एड. (सीधी भर्ती) में प्रवेश चयन परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर तैयार मेरिट सूची के आधार पर दिया जायेगा। एम.एड. पाठ्यक्रम में शासकीय उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान, बिलासपुर एवं शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर के लिए पृथक-पृथक मेरिट सूची बनाई जायेगी। चयन परीक्षा संभवत: दोनों शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों (शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर /उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान बिलासपुर) में दिनांक 10.06.2025 को आयोजित किये जायेंगे। विस्तृत निर्देश प्रवेश नियम एवं तिथियों में परिवर्तन की स्थिति परिवर्तित तिथियों की सूचना हेतु कृपया एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट https://.scert.cg.gov.in देखें।

**(दिव्या उमेश मिश्रा) IAS**
**संवाद- 43600** **संचालक, एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग. रायपुर**





**भरोसेमंद और सुरक्षित पेमेंट्स**
बिल्कुल सेफ ट्रांज़ेक्शन्स

**आसान पेमेंट्स**
सिंपल इंटरफ़ेस बनाया गया है भारत के लिए

**सबके लिए**
15+ भाषाएँ, स्प्लिट एन एक्सपेंस, स्पेंड एनालिटिक्स, UPI Lite (पिन लैस ट्रांज़ेक्शन्स) और फ़ैमिली-मोड



# अब पुलिस की जांच में मोबाइल से जुटाए जाएंगे सुबूत, सरकार ने बनाया ई-साक्ष्य प्रबंधन नियम



- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की सलाह से बना है नियम
- 19 अप्रैल से प्रदेश में लागू हो गया है प्रावधान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अब अपराधों की जांच करने वाले पुलिस अधिकारी जब मौका-ए-वारदात पर जांच के लिए जाएंगे, तो वे अपने मोबाइल फोन के माध्यम से सुबूत (साक्ष्य) जुटाएंगे। वे अपने मोबाइल से वीडियो बनाएंगे, तस्वीरें लेंगे और गवाहों की वहीं फोटो भी ले लेंगे। यह कवायद ई-साक्ष्य मोबाइल एप्लिकेशन से होगी। यही नहीं, इसी एप्लिकेशन से एक प्रमाणपत्र भी तैयार होगा, जिस पर जांच कर्ता पुलिस अधिकारी का ई-हस्ताक्षर होगा। बाद में यह सारे सुबूत अदालत में पेश किए जाएंगे। खास बात ये है कि यह नियम छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से परामर्श के बाद बनाया गया है। यह दो दिन पहले यानी 19 अप्रैल से लागू भी हो गया है।

## यह है ई-साक्ष्य मोबाइल एप्लिकेशन

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव लाए हैं। इस संहिता के साथ-साथ भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने डिजिटल साक्ष्यों को कानूनी मान्यता प्रदान की है। इसी कड़ी में, केंद्र सरकार ने पुलिस जांच को पारदर्शी और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के लिए ई-साक्ष्य मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया है। यह एप्लीकेशन आपराधिक जांच में डिजिटल साक्ष्यों के संग्रह, प्रबंधन और प्रस्तुति को सुगम बनाता है, जिससे पुलिस की मनमानी पर अंकुश भी लगाता है।

## ऐसे काम करता है ये सिस्टम

ई-साक्ष्य एप्लिकेशन पुलिस अधिकारियों को संज्ञेय अपराधों से संबंधित साक्ष्यों को डिजिटल रूप में दर्ज करने की सुविधा प्रदान करता है। यह एप्लिकेशन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने और जांच प्रक्रिया को ऑनलाइन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी प्रमुख विशेषताएं है कि यह एप्लीकेशन के माध्यम से पुलिस वीडियो, फोटो, ऑडियो, और अन्य इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड जैसे ईमेल, टेक्स्ट मैसेज, और लोकेशन डेटा को सुरक्षित रूप से अपलोड कर सकती है। साक्ष्यों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल प्रमाण-पत्र का उपयोग किया जाता है, जिससे छेड़छाड़ की संभावना कम होती है। यह जांच अधिकारियों को साक्ष्यों को तुरंत अपलोड करने और संबंधित पक्षों के साथ साझा करने की अनुमति देता है। यानी रियल टाइम अपडेट भी करता है।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने बनाया नियम

इस संबंध में छत्तीसगढ़ पुलिस के गृह विभाग ने ई-साक्ष्य प्रबंधन नियम 2025 बनाया है। खास बात ये है कि यह नियम छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से परामर्श के बाद बनाया गया है। यह दो दिन पहले यानी 19 अप्रैल से लागू भी हो गया है। इस नियम के तहत प्रावधान है कि प्रत्येक जांच अधिकारी ई-साक्ष्य मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से भारतीय साक्ष्य अधिनियम के माध्यम से संहिता की धारा 105, 173, 176, 180,185, और 497 के अधीन अपेक्षित किए गए अनुसार से सभी वीडियो और फोटो साक्ष्य रिकार्ड करेगा। इस तरह रिकार्ड हुए सभी साक्ष्य घटना का एक सुरक्षित पैकेट जिसे ई-साक्ष्य पैकेट बनाया जाएगा। जिसमें एसआईडी नामक एक अद्वितीय आईडी खोलने, बंद करने का समय और भौगोलिक स्थान के साथ एक अद्वितीय 16 नंबरों की आईडी होगी। यह साक्ष्य अपरिवर्तनीय भंडारण में संग्रहित किया जाएगा।

# छुट्टियों में हिल स्टेशनों की उड़ान, हफ्तेभर में 46 हजार की आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- महानगरों के जरिये शुरू हो रही छुट्टियों की यात्रा, आने वाले दिनों में बढ़ेगी यात्रियों की संख्या

गर्मी की छुट्टियां मनाने के लिए प्रदेश के लोग हिल स्टेशनों की ओर जाने लगे हैं। इसके साथ दूर देशों में घूमने का प्रोग्राम बनाने वाले भी टिकटों की बुकिंग करवा रहे हैं। रायपुर से विदेश यात्रा और ठंडे प्रदेशों के लिए सीधी फ्लाइट की सुविधा नहीं होने की वजह से छुट्टियों की यात्रा महानगरों तक जाने के बाद शुरू होगी। अभी रायपुर विमानतल से आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या 46 हजार के करीब है, जो आने वाले दिनों में और बढ़ने की संभावना है।

काफी समय से ट्रेनों का संचालन नियमित तरीके से पूरा नहीं हो रहा है। अप्रैल के शेष दिनों और मई में भी आवाजाही अनियमित रहने के आसार हैं। इसके कारण लोग अपने सफर के लिए विमानों पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के अनुसार गर्मी की छुट्टियां मनाने बाहर जाने कार्यक्रम बनाने के बाद टिकटों की बुकिंग कराई जा रही है। सीमित बजट वाला परिवार देश के भीतर के हिल स्टेशनों के साथ अन्य पर्यटक स्थलों तक जा रहे हैं, वहीं ज्यादा बजट वाले दूर देशों की यात्रा करने के लिए जानकारी लेने के साथ टिकट बुक करवा रहे हैं। गर्मी के दिनों में परिवार सहित घूमने-फिरने वालों की संख्या बढ़ जाती है। रायपुर से हिल स्टेशनों सहित की शहरों के लिए सीधी उड़ान की सुविधा नहीं है इसके अलावा यहां से दूसरे देश के लिए विमान सेवा की शुरुआत नहीं हो पाई है। यात्रियों को अपनी छुट्टी की यात्रा की शुरुआत दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों के माध्यम से प्रारंभ करना पड़ता है।





## बुक हो रहा टिकट

हर साल की तरह इस बार गर्मी की छुट्टियों के हिसाब से ठंडे राज्यों की ओर जाने वाले यात्री टिकटों की बुकिंग करवा रहे हैं। इसके साथ ही विदेशों के टिकट की भी डिमांड है।

- **रमन जादवानी**, संचालक, अजय ट्रैवल्स एवं अध्यक्ष ट्रैवल्स एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया

## यहां के यात्री

ट्रैवल्स संचालकों के मुताबिक छत्तीसगढ़ से गर्मी के दिनों में काफी संख्या में लोग कश्मीर, दार्जिलिंग, शिमला, मनाली केरल, गोवा, ऋषिकेश जैसे शहरों में छुट्टियां मनाने जा रहे हैं। इसके साथ दूर देशों की यात्रा करने वाले जार्जिया, यूरोप, सिवट्जरलैंड, थाईलैंड, मालदीव की यात्रा कर रहे हैं। कारोबारियों के मुताबिक छुट्टियां बिताने बाहर जाने वाले वर्ग विशेष के लोग होते है और उनकी संख्या लगभग तय होती है।

## हवाई फेयर अभी सामान्य

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से दिल्ली, मुंबई सहित विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट का फेयर सामान्य स्थिति में है।चौबीस घंटे पहले टिकट बुक कराने पर भी यात्रियों को ज्यादा पैसे खर्च नहीं करने पड़ रहे हैं। ऑनलाइन साइट के मुताबिक दिल्ली का टिकट 11 हजार, मुंबई का 9 हजार, गोवा का 6 हजार, इंदौर का 7 हजार में मिल रहा है। केवल कोलकाता का हवाई किराया ही 12-13 हजार तक पहुंच रहा है।

## उत्तर-पश्चिम की शुष्क हवा का असर, शहर में 44.2 का रिकार्ड

# अप्रैल की पहली भारी गर्मी, राजधानी समेत कई इलाकों में लू, चार दिन का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**उत्तर और मध्य में गर्मी का प्रकोप, राहत की गुंजाइश फिलहाल नहीं**

उत्तर और पश्चिम दिशा से आने वाली शुष्क और गर्म हवा ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। अप्रैल की पहली भारी गर्मी सोमवार को प्रदेश के उत्तर तथा मध्य इलाके में महसूस की गई। दोनों हिस्सों में बेहद गर्मी की वजह से लू की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग द्वारा अगले चार दिनों तक ग्रीष्म लहर की स्थिति बनी रहने का अलर्ट जारी किया गया है।

अप्रैल के दूसरे सप्ताह के बाद रायपुर समेत प्रदेश का पारा इतनी तेजी से ऊपर नहीं चढ़ा था। आसमान साफ होने के बाद पिछले तीन दिनों से गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू किया और अप्रैल में सोमवार की गर्मी ने पिछले दिनों दर्ज सारे तापमान को पीछे छोड़ दिया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मी अभी कम होने वाली नहीं है। अगले चार दिनों तक इसका प्रकोप जारी रहने की संभावना है और रायपुर का पारा पिछले दस साल के रिकार्ड के करीब पहुंचने के आसार हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सोमवार को रायपुर का तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक था। इसके अलावा माना का पारा 43.6 तथा बिलासपुर का तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पेंड्रा का तापमान 42.7 था जो सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक होने की वजह की वहां और आसपास के इलाकों में ग्रीष्म लहर के हालात बने रहे। अगले चौबीस घंटे में मौसम शुष्क रहने की वजह से अधिकतम तापमान में और बढ़ोतरी होने के साथ उत्तर छत्तीसगढ़ और उससे लगे जिलों में लू चलने और मध्य छत्तीसगढ़ में उस जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है।



### दोपहर की गर्मी खतरनाक

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक वर्तमान में पड़ रही झुलसाने वाली गर्मी स्वास्थ्य के लिये खतरनाक है। खासकर दोपहर एक से तीन बजे के बीच गर्मी ज्यादा प्रभावित कर सकती है। इस दौरान तापमान अपने चरम स्थिति में रहता है। सोमवार को शहर में कुछ ऐसे ही हालात बने रहे और दोपहर के वक्त सड़कों पर आवाजाही सामान्य दिनों की तुलना में कम हो गई। गर्मी इस कदर बढ़ी हुई है कि कूलर पंखे राहत नहीं दे पा रहे हैं और एसी का टेप्रेंचर 20 से 25 के बीच पहुंच गया है।

### बस्तर गर्मी से अछूता

बस्तर में बंगाल की खाड़ी से नमी का प्रवेश हो रहा है जिसकी वजह से वहां गर्मी अपना अधिक असर नहीं दिखा पाई है। सामान्य से कम तापमान होने की वजह से वहां कड़ी धूप का प्रभाव नहीं हो पाया है। दोपहर बाद होने वाली बारिश और तेज हवा के असर से रात में भी ठंडकता महसूस हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर के भानपुरी, तोकापाल में बारिश हुई वहीं सुकमा के कुछ इलाकों में तेज गति की हवा से जनजीवन को प्रभावित किया था।

### रायपुर में पिछले दस साल में अप्रैल की गर्मी

| | |
|---|---|
| 21 अप्रैल 2015 | 42.0 |
| 22 अप्रैल 2016 | 44.0 |
| 20 अप्रैल 2017 | 44.2 |
| 21 अप्रैल 2018 | 41.8 |
| 28 अप्रैल 2019 | 44.2 |
| 18 अप्रैल 2020 | 40.7 |
| 30 अप्रैल 2021 | 42.4 |
| 29 अप्रैल 2022 | 44.1 |
| 19 अप्रैल 2023 | 43.2 |
| 19 अप्रैल 2024 | 42.8 |
| 21 अप्रैल 2025 | 43.7 अब तक |



# चंद्राकर ने कहा-कांग्रेस को जिंदा दिखने की कोशिश करनी पड़ रही है, भूपेश बोले- पार्टी में दूध में पड़ी मक्खी हैं अजय



- मुख्यमंत्री निवास घेराव को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी में कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री निवास के घेराव को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है।

इस प्रदर्शन को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, यह प्रदर्शन उसके जिंदा रहने की कोशिश है, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चंद्राकर को दूध में पड़ी मक्खी करार देते हुए करारा जवाब दिया।

## कांग्रेस कर रही राजनीतिक नौटंकी- चंद्राकर

भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय चंद्राकर ने कांग्रेस के प्रदर्शन को सिरे से खारिज करते हुए कहा, कांग्रेस को जिंदा दिखने की कोशिश करनी पड़ रही है, यह सब उसी का हिस्सा है। विपक्ष में रहते हुए दिखावा जरूरी होता है, मेरी सहानुभूति है। उन्होंने यह भी कहा, कांग्रेस के शीर्ष नेता प्रदर्शन से गायब रहे। भूपेश बघेल के भुवनेश्वर दौरे का उल्लेख करते हुए चंद्राकर ने कहा, परिवारवादी दलों में नेता केवल एक होता है, बाकी केवल अनुयायी। चंद्राकर ने 'संविधान बचाओ' अभियान पर भी कांग्रेस को घेरा और सवाल किया, आपातकाल किसने लगाया? संविधान में सबसे ज्यादा संशोधन किसने किए? और अब अचानक आंबेडकर प्रेम क्यों उमड़ा?

## पार्टी में दूध में पड़ी मक्खी बन गए हैं चंद्राकर- भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अजय चंद्राकर के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, चंद्राकर पार्टी में दूध में पड़ी मक्खी की तरह हैं। वे मंत्रिमंडल विस्तार की आस लगाए बैठे थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें किनारे कर दिया है। पहले अपने घर को देखें, फिर कांग्रेस पर बोलें। उन्होंने कांग्रेस के प्रदर्शन को जनहित में बताया और कहा, प्रदेश की कानून-व्यवस्था चरमराई हुई है। भाजपा के अपने विधायक सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। सरकार खुद मान रही है कि हालात उनके नियंत्रण में नहीं हैं। ऐसे में कांग्रेस का यह विरोध पूरी तरह जायज़ और जनता के हक में है।

## सीएम साय कल मुंबई जाएंगे



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 23 अप्रैल को दो दिवसीय दौरे पर मुंबई जाएंगे। मुंबई में टैक्सटाइल पर एक एमओयू कार्यक्रम में 23 अप्रैल को शामिल होंगे। दूसरे दिन इंडिया स्टील के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लौटेंगे। बताया गया है कि मुंबई में सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय स्टील कार्यक्रम इंडिया स्टील-2025 का आयोजन 24 से 26 अप्रैल के बीच मुंबई के बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उद्घाटन करेंगे। बताया गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल को देश के प्रमुख इस्पात उद्योग समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे। इस अवसर पर इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी, इस्पात और भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति रहेगी। आत्मनिर्भर भारत की विकास यात्रा में इस्पात के महत्वपूर्ण महत्व को दर्शाने वाले इस सम्मेलन में मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों सहित विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और राज्यों के उच्च स्तरीय भागीदारी देखने को मिलेगी।


**गुरु घासीदास विश्वविद्यालय**
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर-495009 (छ.ग.) भारत, दूर. +91-7752-260342

क्र. 118/Academic/25 बिलासपुर, दिनांक 21.04.2025

**प्रवेश सूचना**

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर D.Sc./D.Litt./LLD कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए अर्ह उम्मीद्वारों से ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। कोई भी अर्ह उम्मीद्वार निर्धारित प्रपत्र में संबंधित विभागाध्यक्ष को सीधे आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। प्रवेश के लिए प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता के मापदंड, शुल्क, आदि का विवरण विश्वविद्यालय के वेब पटल www.new.ggu.ac.in पर उपलब्ध है –
1. आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि– : 21.04.2025 2. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि– : 15.05.2025
सहायता : 07752–260342, 9406430720

कुलसचिव (कार्यवाहक)



**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of C.G. Undertaking)

No.: 03-03/TN-39/25-26/1217 dtd. 17/04/2025

**E- TENDER NOTICE No. TN-39**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ work as mentioned below:-

| S. No. | Tender no. /RFx no. | Description | Date & time for bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | HP-48/25-26 8100042664 (With RLA) | Procurement of Worm Gear & Worm Shaft for XRP-803 Mills, Unit 1&2, HTPS, CSPGCL, Korba West. | 13.05.2025 Upto 15:00 Hrs |
| 2. | CP-53/25-26 8100042705(With RLA) | Procurement of Mill Outlet Spares (Non-Ceramic Items) for ABL & BHEL Boilers of HTPS, KW and DSPM TPS KE. | 16.05.2025 Upto 15:00 Hrs |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:–https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR (S&P:GEN)
CSPGCL::RAIPUR



**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)

**बिजली बंद की सूचना**

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, वितरण केंद्र धौरपुर के अन्तर्गत निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु विभिन्न फीडरो, विद्युत लाईनों एवं उपकरणों का मानसून पूर्व आवश्यक अनुरक्षण एवं रखरखाव कार्य कराया जाना है। धौरपुर वितरण केंद्र अन्तर्गत फीडरवार प्रस्तावित तिथि एवं समय का विवरण निम्नानुसार है। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | समय | उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22.04.2025 28.04.2025 | प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र धौरपुर | करौली फीडर | 11 के.व्ही. करोली फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 2 | 23.04.2025 29.04.2025 | प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र धौरपुर | ग्रामीण फीडर | 11 के.व्ही. ग्रमीण फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 3 | 24.04.2025 28.04.2025 | प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र लुण्ड्रा | 11 के.व्ही. लुण्ड्रा से धौरपुर फीडर | 11 के.व्ही. लुण्ड्रा – धौरपुर फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 4 | 25.04.2025 | प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र धौरपुर | धौरपुर टाउन फीडर | 11 के.व्ही. धौरपुर फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 5 | 26.04.2025 30.04.2025 | प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र धौरपुर | आई पी फीडर | 11 के. व्ही. आई पी फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 6 | 27.04.2025 01.05.2025 | प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र धौरपुर | डुमरडीह फीडर | 11 के.व्ही. डुमरडीह फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 7 | 02.05.2025 | प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बरियों | 33/11 के.व्ही. बरियों से धौरपुर | 33/11 के.व्ही. धौरपुर फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 8 | 03.05.2025 | प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | 33/11 के.व्ही.उपकेन्द्र लुण्ड्रा | 33/11 के.व्ही. लुण्ड्रा से धौरपुर | वितरण केन्द्र धौरपुर के अर्तगत ग्रामों का विद्युत प्रभावित नही रहेंगा। |

नोट:- आवश्यकतानुसार दिन एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री (सं / स) संभाग, छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि. अंबिकापुर


## राशिफल

**मेष** – परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** – सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान–सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** – पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** – जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान–सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** – नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान–सम्मान मिलेगा। शासन–सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## शब्द पहेली - 5844




**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 5843 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5854

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5853 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# सोना हुआ सोणा... 1,650 रुपए की छलांग, एक लाख की दहलीज पर, चांदी भी मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


कमजोर डॉलर और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध को लेकर अनिश्चितताओं के चलते मांग बढ़ने से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमत 1,650 रुपए की तेजी आई, जिससे इसका भाव एक लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर के करीब पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 99,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। शुक्रवार को इसका मूल्य 20 रुपए घटकर 98,150 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

स्थानीय बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,600 रुपए उछलकर 99,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। चांदी की कीमतें भी 500 रुपए चढ़कर 98,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गईं। पिछले सत्र में चांदी 98,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर सपाट बंद हुई थी।

## प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत सोमवार को 99,800 रुपए

### डिलिवरी वाला सोना भी चमका

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून डिलिवरी वाले सोना वायदा का भाव 1,621 रुपए यानी 1.7 प्रतिशत बढ़कर 96,875 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 3,397.18 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया। बाद में, इसका लाभ कुछ कम हुआ और यह 3,393.49 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार किया। वैश्विक स्तर पर, सोने के वायदा भाव ने 80 डॉलर प्रति औंस या 2.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ पहली बार 3,400 डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार किया।



### कमजोर डॉलर बना कारण

कोटक महिंद्रा एएमसी के कोष प्रबंधक सतीश डोंडापति ने कहा, “इस साल, व्यापार तनाव, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और कमजोर डॉलर के कारण सोने और चांदी की कीमतों में उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव देखा गया है। अब तक सोने में 25 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है, जिसमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा दो अप्रैल को शुल्क की घोषणा के बाद से छह प्रतिशत की बढ़ोतरी भी शामिल है।”

### सकारात्मक तेजी जारी

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के जिंस एवं मुद्रा शोध के ईबीजी उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ‘सोने की कीमतों में सकारात्मक तेजी जारी रही और यह 3,400 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गई। व्यापार शुल्क संबंधी अनिश्चितता, अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि से सोने को समर्थन मिल रहा है।’ एशियाई कारोबार के घंटों में हाजिर चांदी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 32.85 डॉलर प्रति औंस हो गई।

## खबर संक्षेप

### एलआईसी ने बैंक ऑफ बड़ौदा में बढ़ाई हिस्सेदारी




**नई दिल्ली।** बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी ने सोमवार को कहा कि उसने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा में अपनी हिस्सेदारी करीब दो प्रतिशत बढ़ाकर 7.05 प्रतिशत कर ली है। भारतीय जीवन बीमा निगम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने डेढ़ साल की अवधि में खुले बाजार से 10.45 करोड़ अतिरिक्त शेयर खरीदे हैं।

### इंटरआर्क को मिला 300 करोड़ रुपए का ऑर्डर




**नई दिल्ली।** निर्माण समाधान प्रदाता इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड को एक टायर विनिर्माण कंपनी से 300 करोड़ रुपये से अधिक का ऑर्डर मिला है। इंटरआर्क ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, “इंटरआर्क बिल्डिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड ने भारतीय पीईबी उद्योग में अब तक का सबसे बड़ा एकल पीईबी ऑर्डर हासिल किया है।

### एआई उपकरणों की बिक्री बढ़ाने बनाई नई योजना




**नई दिल्ली।** प्रमुख उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने यहां अत्यधिक प्रतिस्पर्धी घरेलू उपकरण बाजार में अपनी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय भाषाओं और भारत से संबंधित विशिष्ट सुविधाओं के लिए एआई आधारित फीचर पेश किए हैं। दक्षिण कोरियाई कंपनी के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### सरकार अब हर महीने जारी करेगी बेरोजगारी के आंकड़े



**मुंबई।** सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि सरकार 15 मई से बेरोजगारी के आंकड़े तिमाही आधार पर जारी करने के बजाय मासिक आधार पर जारी करना शुरू करेगी। 15 मई को जारी होने वाले आंकड़ों में जनवरी, फरवरी और मार्च के आंकड़े शामिल होंगे और उसके बाद हर महीने के आंकड़े जारी किए जाएंगे।

### 30 करोड़ डॉलर जुटाने की खबरों का खंडन



**नई दिल्ली।** विविध क्षेत्रों में कार्यरत ओला समूह की कृत्रिम मेधा इकाई ‘कृत्रिम’ ने सोमवार को कंपनी की 30 करोड़ डॉलर जुटाने की योजना पर खबरों का खंडन किया। एक रिपोर्ट में 30 करोड़ डॉलर जुटाने के लिए एआई उद्यम योजना की बात कही गई है। लेख में गलत तरीके से यह कहा गया है कि कृत्रिम बाहरी इक्विटी पूंजी जुटाने के लिए बातचीत कर रही है।

### एयरटेल ने ‘अलर्ट’ का दायरा अंतरराष्ट्रीय स्तर तक बढ़ाया




**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने स्पैम (अवांछनीय कॉल या एसएमएस) के खिलाफ अपने जारी अभियान में सोमवार को दो नए फीचर की घोषणा की। कंपनी ने स्पैम की पहचान के लिए ग्राहकों को सतर्क करने का दायरा अंतरराष्ट्रीय कॉल और एसएमएस तक बढ़ा दिया है । पिछले छह महीनों में इस तरह के प्रयासों में 12 प्रतिशत की वृद्धि के बीच अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के माध्यम से भारत में आने वाले स्पैम कॉल की बढ़ती और खतरनाक प्रवृत्ति को खत्म किया जा सकेगा।

## सेंसेक्स 855.30 अंक उछलकर 79,408.50 पर बंद

# निवेशक मालामाल ! पांच दिन में 32 लाख करोड़ रुपए बढ़ी संपत्ति

### निफ्टी 24,000 अंक के पार

जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ‘बाजार पर तेजड़ियो हावी रहे, जिससे निफ्टी पिछले तीन महीने से अधिक समय में तीसरे प्रयास में 24,000 अंक के पार पहुंच गया और बैंक निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंच गया। अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की संभावना बाजार धारणा को मजबूत कर रहा है।’

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शेयर बाजार में पिछले पांच दिन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी से सोमवार तक निवेशकों की संपत्ति 32 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। इस दौरान विदेशी कोषों की लिवाली और व्यापक तेजी से कारोबारी भावनाएं मजबूत हुईं। सोमवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 855.30 अंक या 1.09 प्रतिशत उछलकर 79,408.50 पर बंद हुआ। पिछले पांच दिन में सेंसेक्स 5,561.35 अंक या 7.53 प्रतिशत बढ़ा है।

पांच कारोबारी दिनों में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 32,03,295.8 करोड़ रुपए बढ़कर 4,25,85,629.02 करोड़ रुपए (5,000 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गया। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक सतीश चंद्र अलूरी ने कहा, ‘बाजार में तेज शुरुआत हुई और पूरे दिन बढ़त जारी रही। सप्ताहांत में बैंकों की मजबूत आय ने कारोबारी धारणा को मजबूत किया। इसे सकारात्मक घरेलू संकेतों का लाभ भी मिला।’ उन्होंने कहा कि कंपनियों के तिमाही नतीजों को लेकर उत्साह है, क्योंकि दिग्गज बैंकों ने सकारात्मक टिप्पणियों के साथ अनुमान से काफी बेहतर नतीजे पेश किए हैं।



### संपत्ति गुणवत्ता में सुधार

बैंकों में संपत्ति गुणवत्ता में सुधार और कर्ज में अच्छी वृद्धि से बैंक शेयरों के प्रति निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 4,667.94 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। बीएसई के 2,918 शेयर लाभ में जबकि 1,168 शेयर नुकसान में रहे।

### टैरिफ वॉर नुकसान की हुई पूरी भरपाई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दो अप्रैल को जवाबी शुल्क लगाये जाने की घोषणा के बाद शेयर बाजार में जितना नुकसान हुआ था, उसकी पूरी भरपाई अब हो चुकी है। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एशियन पेंट्स और नेस्ले शामिल हैं। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के शेयर में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई।

### आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार चढ़ा

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 855 अंक से अधिक चढ़कर 79,000 अंक के स्तर से ऊपर रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 24,100 अंक के पार पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली के साथ कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों के बाद बैंक और आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 855.30 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,000 अंक के ऊपर 79,408.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,081.85 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 273.90 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,125.55 अंक पर बंद हुआ। पांच दिनों की तेजी में सेंसेक्स 5,561.35 अंक यानी सात प्रतिशत से अधिक लाभ में रहा है, जबकि निफ्टी 1,726.40 अंक चढ़ा है।

# भारत को विकसित देश बनने सालाना पैदा करनी होंगी 80 लाख नौकरियां

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क



भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अगले 10-12 वर्षों तक प्रति वर्ष कम से कम 80 लाख नौकरियां पैदा करनी होंगी तथा सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी बढ़ानी होगी।


नागेश्वरन ने यहां कहा, हमारा दृष्टिकोण 2047 तक ‘विकसित भारत’ का लक्ष्य हासिल करना है। भारत के आकार के अलावा सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अगले 10-20 वर्षों तक बाहरी वातावरण उतना अनुकूल नहीं रहने वाला है, जितना 1990 के बाद पिछले 30 वर्षों में रहा होगा। इस संदर्भ में यह तो तय है कि आप एक सीमा से आगे अपना बाह्य वातावरण नहीं चुन सकते - हमें कम से कम अगले 10 से 12 वर्षों तक प्रति वर्ष 80 लाख नौकरियां पैदा करनी होंगी और जीडीपी में विनिर्माण का हिस्सा बढ़ाना होगा।

### चीन विनिर्माण में आगे

हमें यह देखना होगा कि चीन ने विनिर्माण में, खासकर कोविड महामारी के बाद जबरदस्त प्रभुत्व हासिल कर लिया है। नागेश्वरन कोलंबिया विश्वविद्यालय के ‘स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स’ में भारतीय आर्थिक नीतियों पर ‘दीपक और नीरा राज केंद्र’ द्वारा आयोजित ‘कोलंबिया भारत शिखर सम्मेलन-2025’ को संबोधित कर रहे थे।

# ट्रैक्टर की बिक्री रिकॉर्ड 9.75 लाख इकाई रहने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



प्रमुख नकदी फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य, बेहतर प्रतिस्थापन और सामान्य से अधिक मानसून की उम्मीद के बीच निर्माण मांग से घरेलू ट्रैक्टर की बिक्री चालू वित्त वर्ष में तीन से पांच प्रतिशत की दर से बढ़कर लगभग 9.75 लाख इकाई के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचने की उम्मीद है।

आंकड़ा कंपनी क्रिसिल रेटिंग्स ने एक बयान में कहा कि भारतीय ट्रैक्टर उद्योग में 4,000 करोड़ रुपए का रणनीतिक पूंजीगत व्यय चक्र आने वाला है, जिसमें क्षमता उपयोग 75-80 प्रतिशत के इष्टतम स्तर के करीब है और ‘ट्रेम-वी’ के तहत स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि ‘ट्रेम वी’ का उत्सर्जन मानदंड एक अप्रैल, 2026 से लागू होने की उम्मीद है। वित्त वर्ष के अंत में पूर्व-खरीदारी भी मात्रा को बढ़ावा दे सकती है।

### किसानों का विश्वास मजबूत होगा

क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में बिक्री में सात प्रतिशत की अच्छी वृद्धि हुई। क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग के सामान्य से अधिक मानसून के पूर्वानुमान से ग्रामीण भावना में सुधार आएगा और किसानों का विश्वास मजबूत होगा, जो ट्रैक्टर जैसे कृषि निवेश को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है।

# रियल एस्टेट क्षेत्र ने 74 हजार करोड़ जुटाए



**नई दिल्ली।** वैकल्पिक निवेश कोषों ने दिसंबर, 2024 तक भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल मिलाकर लगभग 74,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जो सभी क्षेत्रों में सबसे अधिक है। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी एनारॉक ने यह जानकारी दी। एआईएफ का अर्थ भारत में स्थापित या गठित किसी कोष से है। यह निजी रूप से निवेश जुटाने का माध्यम है। एआईएफ अपने निवेशकों के लाभ के लिए एक परिभाषित निवेश नीति के अनुरूप भारतीय या विदेशी निवेशकों से धन जुटाता है।

# बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सुस्त पड़कर रही 3.8 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ उर्वरक उत्पादन मार्च में 8 .8 प्रतिशत बढ़ा

प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मार्च में सुस्त पड़कर 3.8 प्रतिशत रही है। एक साल पहले इसी महीने में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.3 प्रतिशत बढ़ा था। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में 3.4 प्रतिशत के मुकाबले थोड़ी अधिक है। मार्च में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट आई।

आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने में कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात और बिजली उत्पादन में क्रमशः 1.6 प्रतिशत, 0.2 प्रतिशत, 7.1 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत की हल्की वृद्धि हुई। उर्वरक उत्पादन मार्च में 8.8 प्रतिशत बढ़ा जबकि पिछले साल इसी महीने में इसमें 1.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सीमेंट उत्पादन बीते महीने 11.6 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 10.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। बुनियादी उद्योगों...कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली... की वृद्धि दर बीते वित्त वर्ष 2024-25 में 4.4 प्रतिशत रही। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह 7.6 प्रतिशत थी। आठ बुनियादी उद्योगों की औद्योगिक वृद्धि को मापने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# सोरोग्रिट टैबलेट और दिव्य तेल सोरायसिस की अचूक औषधि : बालकृष्ण

**हरिद्वार।** पतंजलि का एक महत्वपूर्ण शोध विश्व प्रसिद्ध टेलर एंड फ्रांसिस प्रकाशन के रिसर्च जर्नल ऑफ इन्फ्लेमेशन रिसर्च में प्रकाशित हुआ है। इस महत्वपूर्ण शोध के अनुसार पतंजलि ने सोरोग्रिट और दिव्य-तेल की सहायता से सोरायसिस जैसी बीमारी को दूर करने में सफलता पाई।



इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि के वैज्ञानिकों ने विविध शोध कर सोरोग्रिट टैबलेट तथा दिव्य तेल का निर्माण किया है जो सोरायसिस की अचूक औषधि हैं। सोरायसिस एक दीर्घकालिक त्वचा रोग है, जिसमें त्वचा पर चांदी जैसी चमकदार पपड़ी, और लाल चकत्ते दिखाई देते हैं। इन चकत्तों में बहुत खुजली होती है। एलोपैथिक चिकित्सा में इस रोग में मात्र लक्षणों को कम किया जाता है, और साथ ही एलोपैथ के दुष्प्रभाव भी देखने को मिलते हैं। सोरायसिस एक गम्भीर ऑटो इम्यून रोग है जिसमें रोगी को असहनीय परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अभी तक इसका कोई स्थाई उपचार नहीं था। आज पतंजलि ने सिद्ध कर दिया है कि प्राकृतिक जड़ी - बूटियों के माध्यम से सोरायसिस जैसे लाइलाज समझे जाने वाले रोग को भी ठीक किया जा सकता है। पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा चूहों के इमिक्विमोड और टीपीए इनड्यूस्ड सोरायसिस के दो अलग-अलग प्रीक्लीनिकल मॉडल को, सोरोग्रिट टैबलेट दी गई और दिव्य-तेल का उपयोग उनकी त्वचा पर किया गया, तो इसके सकारात्मक परिणाम मिले।





# 34 खिलाड़ियों को मिला बीसीसीआई का कॉन्ट्रैक्ट, अय्यर-किशन की वापसी, अश्विन बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोमवार को 2024-25 सीजन के लिए टीम इंडिया के लिए वार्षिक खिलाड़ी अनुबंध की घोषणा की। बीसीसीआई की सालाना कॉन्ट्रैक्ट सूची में कुल 34 खिलाड़ी हैं। इन्हें 4 ग्रेड (ए+, ए, बी और सी ग्रेड) में रखा गया है।

बीसीसीआई ने चारों अनुबंध श्रेणियों के लिए अभी राशि का उल्लेख नहीं किया है, लेकिन पिछले साल को आधार माना जाए तो यह 7 करोड़ रुपए (ए+), 5 करोड़ रुपए (ए), 3 करोड़ रुपए (बी) और 1 करोड़ रुपए (सी) होने की संभावना है। पिछले सीजन बीसीसीआई की सालाना कॉन्ट्रैक्ट सूची में 30 खिलाड़ी ही शामिल थे। इस बार 8 खिलाड़ियों को जोड़ा गया है, जबकि पुराने 5 खिलाड़ियों को बाहर किया गया है।

### बीसीसीआई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट

| ग्रेड | नंबर | खिलाड़ी |
|---|---|---|
| ए+ | 1 | रोहित शर्मा |
| | 2 | विराट कोहली |
| | 3 | जसप्रीत बुमराह |
| | 4 | रविंद्र जडेजा |
| ए | 5 | मोहम्मद सिराज |
| | 6 | केएल राहुल |
| | 7 | शुभमन गिल |
| | 8 | हार्दिक पंड्या |
| | 9 | मोहम्मद शमी |
| | 10 | ऋषभ पंत |
| बी | 11 | सूर्यकुमार यादव |
| | 12 | कुलदीप यादव |
| | 13 | अक्षर पटेल |
| | 14 | यशस्वी जायसवाल |
| | 15 | श्रेयस अय्यर |
| सी | 16 | रिंकू सिंह |
| | 17 | तिलक वर्मा |
| | 18 | ऋतुराज गायकवाड़ |
| | 19 | शिवम दुबे |
| | 20 | रवि बिश्नोई |
| | 21 | वाशिंगटन सुंदर |
| | 22 | मुकेश कुमार |
| | 23 | संजू सैमसन |
| | 24 | अर्शदीप सिंह |
| | 25 | प्रसिद्ध कृष्णा |
| | 26 | रजत पाटीदार |
| | 27 | ध्रुव जुरेल |
| | 28 | सरफराज खान |
| | 29 | नितीश कुमार रेड्डी |
| | 30 | इशान किशन |
| | 31 | अभिषेक शर्मा |
| | 32 | आकाश दीप |
| | 33 | वरुण चक्रवर्ती |
| | 34 | हर्षित राणा |





### सरफराज को मिला फायदा

सालाना कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में जोड़े गए नाम हैं- श्रेयस अय्यर, इशान किशन, वरुण चक्रवर्ती, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, अभिषेक शर्मा, आकाशदीप और हर्षित राणा हैं। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, जितेश शर्मा, केएस भरत और आवेश खान को बाहर कर दिया गया है।

### पंत ए ग्रेड में प्रमोट

पिछले साल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर किए गए श्रेयस अय्यर और इशान किशन की वापसी हुई है। इस सीजन श्रेयस अय्यर को बी ग्रेड, जबकि इशान किशन को सी ग्रेड में रखा गया है। ऋषभ पंत का भी प्रमोशन हुआ है। वह अब बी से ए ग्रेड में आ गए हैं।

खास खबर

## खुद की क्षमता पर संदेह नहीं करता



**मुंबई।** स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि लंबे समय तक खराब दौर से गुजरने के बावजूद उन्होंने अपनी क्षमता पर कभी संदेह नहीं किया। इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लगाए गए अपने अर्धशतक को खुद के कौशल पर भरोसा दिखाने का परिणाम बताया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोहित ने 45 गेंद पर नाबाद 76 रन बनाए। मुंबई इंडियंस ने उनकी इस शानदार पारी की मदद से यह मैच नौ विकेट से जीता। रोहित का आईपीएल के वर्तमान सत्र का यह पहला अर्धशतक है। इससे पहले वह पिछले मैचों में 0, 8, 13, 17, 18 और 26 रन ही बना पाए थे।

## गिल के लिए दबाव में प्रदर्शन करने का मौका



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान का कहना है कि आईपीएल में प्रदर्शन का दबाव विश्व कप से अधिक है। गुजरात टाइटंस के कप्तान के रूप में शुभमन गिल के पास एक बेहतरीन कप्तान के रूप में अपनी साख साबित करने के लिए साहसिक निर्णय लेने का शानदार मौका है। गुजरात टाइटन्स में गिल की अगुआई में खेलने वाले राशिद ने अपने कप्तान की तारीफ में कहा, 'एक नेतृत्वकर्ता के रूप में शुभमन का भविष्य बहुत उज्जवल है। केवल एक बल्लेबाज के रूप में ही नहीं बल्कि जिस तरह से वह सोचता है और खेल को समझता है उसमें भी।'

## भले ही हम क्वालिफाई न करें, अगले साल के लिए तैयार करेंगे 11 खिलाड़ी

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि उन्हें इस पर गौर करने की जरूरत है कि क्या वह सही तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने अगले साल होने वाले आईपीएल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करने की योजना को ध्यान में रखते हुए अपने साथियों से थोड़ा आत्ममंथन करने का आग्रह किया। धोनी ने रविवार शाम यहां आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों नौ विकेट से हार के बाद कहा, "हमारे जितने भी मैच बचे हैं उनमें हमें जीत हासिल करनी होगी। हम एक समय में केवल एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अगर आगे हम कुछ मैच हारते हैं, तो हमारे लिए अगले साल के लिए सही संयोजन तैयार करना महत्वपूर्ण होगा। हम बहुत अधिक खिलाड़ियों को बदलने के पक्ष में नहीं हैं। हमारे लिए अभी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना महत्वपूर्ण है लेकिन अगर ऐसा नहीं होता तो हमारा ध्यान अगले साल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करना और फिर दमदार वापसी करने पर होगा।'



### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 7 | 5 | 2 | 10 |
| दिल्ली | 7 | 5 | 2 | 10 |
| बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| मुंबई | 8 | 4 | 4 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
368 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
14 विकेट
गुजरात

### खबर संक्षेप



### भारतीय मुक्केबाजों का जीत का सिलसिला जारी

**अम्मान।** भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन जीत का सिलसिला जारी रखा। भारतीय स्कूल खेल महासंघ के स्वर्ण पदक विजेता टीकम सिंह (52 किग्रा) ने तीसरे दौर में रैफरी द्वारा मुकाबला रोकने के बाद यूएई के अली अल्मेस्मारी के खिलाफ जीत दर्ज की। उधम सिंह (54 किग्रा) ने ईरान के मोहम्मदपरसा मोटेवालियनस्तानहसारी को 5-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की जबकि राहुल गरिया (57 किग्रा) ने शुरुआती दौर में आरएससी के फैसले के साथ चीनी ताइपे के ली शू-जुन को हराया।

### मुंबई ने किया रोहित को प्रोत्साहित : जयवर्धने

**मुंबई।** रोहित शर्मा की आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने के कारण अपना विकेट गंवाने के लिए आलोचना होती रही है। रोहित ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 76 रन की मैच विजेता पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की।



जयवर्धने ने कहा, 'जब वह इस तरह से आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हैं तो हम सभी जानते हैं कि वह पल भर में मैच का पासा पलट सकते हैं। इससे लय बन जाती है जिसका असर बाद के बल्लेबाजों पर भी पड़ता है।

### रोहित ने पुराने दोस्त नायर को दिया धन्यवाद

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को अपने पुराने दोस्त अभिषेक नायर को धन्यवाद दिया जिन्हें कुछ दिन पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच पद से हटा दिया गया था। रोहित ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए नाबाद 76 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना अर्धशतक पूरा करने का जश्न मनाते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की और 'कैप्शन' में नायर को टैग किया। सैंतीस वर्षीय रोहित ने सोमवार को लिखा, 'धन्यवाद भाई अभिषेक नायर।' रोहित और नायर का बहुत पुराना रिश्ता है। दोनों घरेलू सर्किट में मुंबई के लिए साथ साथ खेले हैं।

## आईपीएल : कप्तान गिल फार्म में लौटे, 55 गेंदों में ठोके 90 रन

# 'शुभ मन से चला सुदर्शन चक्र...' गुजरात ने नाइट राइडर्स को 39 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को एकतरफा मुकाबले में 39 रन से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इस जीत से टाइटंस के आठ मैच में 12 अंक हो गए हैं और उसने अंक तालिका के शीर्ष पर दो अंक की बढ़त बना ली है। नाइट राइडर्स की टीम छह अंक के साथ सातवें स्थान पर है।

नाइट राइडर्स की टीम टाइटंस के 199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान अजिंक्य रहाणे (50) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। राशिद खान और प्रसिद्ध कृष्णा दो दो विकेट की धारदार गेंदबाजी के सामने नाइट राइडर्स की टीम कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी। साई किशोर, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर और इशांत शर्मा ने भी एक-एक विकेट चटकाया।



### गिल शतक से चूके

गिल ने 55 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 90 रन की पारी खेलने के अलावा सुदर्शन (52) के साथ पहले विकेट के लिए 114 और जोस बटलर (नाबाद 41) के साथ दूसरे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की जिससे टाइटंस ने तीन विकेट पर 198 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। सुदर्शन ने 36 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और एक छक्का मारा जबकि बटलर ने 23 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके मारे।

### दिल्ली का सलामी बल्लेबाजी संयोजन फेल, लखनऊ आज देगा कड़ी चुनौती

**लखनऊ।** दिल्ली कैपिटल्स जब मंगलवार को यहां आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स का सामना करेगा तो उसकी उम्मीद रहेगी कि उसके सलामी बल्लेबाज फॉर्म में लौटकर टीम को अच्छी शुरुआत देंगे। दिल्ली के सलामी बल्लेबाज वर्तमान सत्र में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसने सलामी जोड़ी के रूप में अभी तक चार बल्लेबाजों के साथ तीन संयोजन आजमाए हैं लेकिन इसके बावजूद उसकी टीम पिछले पांच मैचों में पहले विकेट के लिए 23, 34, 00, 09 और 00 रन की साझेदारी ही निभा पाई है। दिल्ली ने अब तक फाफ डु प्लेसी, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल और करुण नायर को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया है लेकिन उसे अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं।

संशय में दृष्टिकोण

## मोसेस भारत की राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी में दिलचस्पी से हैरान



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

अमेरिकी एथलेटिक्स के दिग्गज एडविन मोसेस ने भारत की 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी में दिलचस्पी पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि यह तय करने की जरूरत है कि केवल आयोजन के लिए ऐसा किया जा रहा है या फिर इसका उद्देश्य खेलों का विकास करना है।

लगातार 107 फाइनल जीतने और 1977 से 1987 के बीच चार बार 400 मीटर बाधा दौड़ में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले मोसेस ने कहा कि भारत को कोचिंग और बुनियादी ढांचे पर खर्च करने की जरूरत है। भारत ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए अपनी दिलचस्पी की अभिव्यक्ति जमा कर दी है। यही नहीं भारत अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को आशय पत्र सौंपने के बाद 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए बोली लगाने की दौड़ में भी शामिल है। भारत पुरुष फुटबॉल में 2031 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी के लिए बोली लगाने वाले सात देशों में भी शामिल है। एक ऐसा खेल जो देश में प्रदर्शन और प्रशासन दोनों के मामले में खराब स्थिति में है।

### इतने बड़े देश में सफल नहीं खिलाड़ी

मोसेस को यह समझ में नहीं आ रहा था कि एक अरब से अधिक जनसंख्या वाले देश भारत में अच्छे खिलाड़ी क्यों तैयार नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा, "यह उन लोगों पर निर्भर करता है जो खिलाड़ी रहे हैं और जो चीजों को करने में सक्षम हैं। यह भारत के लोगों को तय करना है। मैं नहीं जानता कि ऐसा क्या गलत हुआ जो एक अरब की जनसंख्या वाला देश खेलों के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है।'

### आयोजन या खेलों का विकास

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी के सदस्य मोसेस से जब पूछा गया कि क्या राष्ट्रमंडल खेलों जैसे बड़े आयोजनों की मेजबानी से बेहतर खिलाड़ी ढूंढने में मदद मिल सकती है, उन्होंने कहा, 'यह इस बात पर निर्भर करता है कि राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए क्या दृष्टिकोण है। क्या यह सिर्फ भारत में एक आयोजन करना है, या वास्तव में खेलों का विकास करना है? यह बड़ा सवाल होगा। आप राष्ट्रमंडल खेल या किसी अन्य बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन कर सकते हैं। इसे बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा सकता है और इसमें सरकार भी शामिल हो सकती है। ऐसे लोग जिनका खेलों से कोई लेना देना नहीं होता है लेकिन वह सबसे आगे की पंक्ति में बैठते हैं। आप इससे बचना चाहते हैं लेकिन आमतौर पर ऐसा ही होता है।'



## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

**बेंगलुरु।** सलीमा टेटे की अगुवाई में भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से पर्थ में शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग लेने के लिए रविवार देर रात ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई। भारतीय टीम का यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए महत्वपूर्ण है। श्रृंखला 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैचों के साथ शुरू होगी। इसके बाद 26 सदस्यीय भारतीय टीम एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में दुनिया की पांचवें नंबर की ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी। भारत प्रो लीग के यूरोपीय चरण में सात जून को नीदरलैंड के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा।

# चोटिल सैमसन एक मैच से बाहर जयपुर में करेंगे 'रिहैबिलिटेशन'

एजेंसी ▶▶| जयपुर



राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को पुष्टि की कि कप्तान संजू सैमसन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आगामी इंडियन प्रीमियर लीगमैच से बाहर रहेंगे क्योंकि वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान हुए मांसपेशियों में खिंचाव से उबर रहे हैं।


सैमसन पहले ही लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ रॉयल्स के घरेलू मैच से बाहर हो चुके हैं और गुरुवार को टीम का आरसीबी के खिलाफ मैच होना है। रॉयल्स के मेडिकल स्टाफ ने सैमसन की वापसी की तारीख तय नहीं की है। रॉयल्स ने एक बयान जारी कर कहा, 'राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन फिलहाल उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और वह राजस्थान रॉयल्स मेडिकल स्टाफ के साथ टीम के 'होम बेस' पर ही रहेंगे। 'रिहैबिलिटेशन' प्रक्रिया के अंतर्गत वह आरसीबी के खिलाफ आगामी मैच के लिए बेंगलुरु नहीं जाएंगे। टीम प्रबंधन उनकी प्रगति पर बारीकी से नजर रख रहा है और उनकी वापसी के लिए मैच दर मैच का दृष्टिकोण अपनाएगा।' सैमसन की अनुपस्थिति में रियान पराग टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे।

### स्टार एथलीट एंडरसन पीटर्स और थॉमस रोहलर लेंगे हिस्सा

# अब बेंगलुरु में होगी नीरज भाला फेंक प्रतियोगिता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता का पहला चरण पर्याप्त रोशनी की कमी के कारण 24 मई को पंचकुला के बजाय बेंगलुरु के कांतिरावा स्टेडियम में कराया जाएगा। इसमें कई स्टार एथलीट हिस्सा लेंगे क्योंकि एंडरसन पीटर्स और थॉमस रोहलर ने भागीदारी की पुष्टि कर दी है। ग्रेनेडा के पीटर्स दो बार के विश्व चैंपियन हैं और रोहलर 2016 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता हैं।



चोपड़ा ने कहा, 'मैंने पाकिस्तानी ओलंपिक चैंपियन अरशद को निमंत्रण भेजा है और उन्होंने कहा है कि वह अपने कोच से चर्चा करने के बाद मुझसे संपर्क करेंगे। अभी तक उन्होंने भागीदारी की पुष्टि नहीं की है।' विश्व एथलेटिक्स द्वारा इस प्रतियोगिता को श्रेणी ए का दर्जा दिया गया है जिसने भी अपने कैलेंडर में इस टूर्नामेंट के स्थल का नाम बदल दिया है। चोपड़ा ने कहा, 'मैं चाहता था कि यह प्रतियोगिता पंचकुला में आयोजित हो, लेकिन वहां स्टेडियम में रोशनी की व्यवस्था से संबंधित कुछ मुद्दे हैं। विश्व एथलेटिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रसारण के लिए 600 'लक्स' (प्रकाश की तीव्रता का माप) की रोशनी चाहती थी लेकिन पंचकुला में इतनी रोशनी उपलब्ध नहीं थी और इसे तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए इस साल हमने प्रतियोगिता को बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। मैंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री से बात की है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन के हर पहलू का ध्यान रखने केलिए हमारे पास जेएसडब्ल्यू की टीम है।'

### सपना सच होने जैसा टूर्नामेंट

टूर्नामेंट का आयोजन चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ और विश्व एथलेटिक्स के सहयोग से संयुक्त रूप से किया जाएगा, जिसमें शीर्ष वैश्विक और भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी भाग लेंगे। चोपड़ा ने कहा, 'मैं इस टूर्नामेंट के आयोजन में काफी जुड़ा हुआ हूं। लंबे समय से मेरा सपना भारत में इस तरह का टूर्नामेंट आयोजित करना रहा है। अब इसका आयोजित होना मेरे लिए सपना सच होने जैसा है।' हरियाणा के खंडरा गांव का यह एथलीट टोक्यो ओलंपिक में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता बने और पेरिस में उन्होंने रजत पदक जीता।

**नए पोप की नियुक्ति की प्रक्रिया को कहा जाता है कॉन्क्लेव**

*वेटिकन। 12 वर्षों तक दुनिया के 1.4 अरब रोमन कैथोलिकों के आध्यात्मिक नेता रहे पोप फ्रांसिस का सोमवार को 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से रोमन कैथोलिक चर्च में नए पोप की नियुक्ति की परंपरागत और रहस्यमयी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस प्रक्रिया को कॉन्क्लेव कहा जाता है। 267वें पोप के चुनने के लिए मई महीने में कार्डिनल्स की एक बैठक होगी, जिसमें वोटिंग के जरिए नए पोप का चयन किया जाएगा। जब तक नया पोप नहीं चुन लिया जाता, तब तक चर्च का संचालन कार्डिनल्स करते हैं। कार्डिनल रोमन कैथोलिक चर्च का एक उच्च अधिकारी जो पोप के बाद दूसरे स्थान पर होता है।*

# सफेद धुआं करेगा नए पोप का ऐलान, मई में होगी बैठक

## 267वें पोप के सिलेक्शन प्रोसेस में हिस्सा लेने के पात्र हैं 137 कार्डिनल्स

### ऐसे चुना जाता है नया पोप

कॉलेज ऑफ कॉर्डिनल्स में 252 वरिष्ठ कैथोलिक अधिकारी होते हैं। इनमें से 137 कार्डिनल वर्तमान में 80 वर्ष से कम आयु के हैं और इसलिए वे 267वें पोप के सेलेक्शन प्रोसेस में हिस्सा लेने के पात्र हैं। पोप की मृत्यु या त्यागपत्र के बाद कार्डिनल्स को वेटिकन के सिस्टिन चैपल में बुलाया जाता है, जहां वे गोपनीयता की शपथ लेते हैं और बाहरी दुनिया से अलग हो जाते हैं। इस दौरान वे संभावित उम्मीदवारों की योग्यता पर चर्चा करते हैं। फिर वोट डालकर 2 तिहाई बहुमत के आधार पर नए पोप का चयन करते हैं।

### सिस्टीन चैपल में होगी वोटिंग

वोटिंग वेटिकन की सिस्टीन चैपल में होती है, जहां माइकल एंजेलो की प्रसिद्ध पेंटिंग्स हैं। रोम के पादरी वर्ग के सदस्य के रूप में वे पोप के सलाहकार के रूप में कार्य करते हैं। सिस्टीन चैपल से जब काले धुएं के बजाय सफेद धुआं उठता है, तब दुनिया को संकेत मिलता है कि नया पोप चुन लिया गया है। सफेद धुएं के बाद एक वरिष्ठ कॉर्डिनल बालकनी पर आकर 'हबेमुस पापम' की घोषणा करते हैं, इसका अर्थ है- हमें एक पोप मिल गया है। इसके बाद नए पोप अपने चुने हुए नाम के साथ लोगों के सामने आते हैं।




### यूरोपीय होगा अगला पोप!

हालांकि, सिद्धांत के अनुसार कोई भी बपतिस्मा (बैप्टिज्म) हासिल कर चुका रोमन कैथोलिक पुरुष पोप बन सकता है, लेकिन अब तक परंपरा यही रही है कि कॉर्डिनल्स में से ही किसी को चुना जाता है। 2013 में चुने गए पोप फ्रांसिस पहले दक्षिण अमेरिकी पोप थे लेकिन 266 पोपों में से अब तक 217 इटली से रहे हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि अगला पोप भी यूरोपीय, और संभवतः इटली से हो सकता है।

### 267वां पोप बनने के दावेदार

1. कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन, इटली 2. कार्डिनल लुइस एंटोनियो टैगले, फिलीपींस 3. कार्डिनल पीटर तुर्कसन, घाना 4. कार्डिनल पीटर एर्डो, हंगरी 5. कार्डिनल मायकोला बायचोक, यूक्रेन 6. कार्डिनल पियरबतिस्ता पिज्जाबल्ला, इजरायल 7. कार्डिनल मारियो ग्रेच, माल्टा 8. कार्डिनल सर्जियो दा रोचा, ब्राजील 9. कार्डिनल कार्लोस अगुइआर रेतेस, मैक्सिको 10. कार्डिनल लाजरस यू ह्युंग-सिक, दक्षिण कोरिया 11. कार्डिनल फ्रिडोलिन अंबोंगो बेसुंगो, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य 12. कार्डिनल माइकल चेर्नी, कनाडा 13. कार्डिनल जोसेफ टोबिन, अमेरिका।

**गोवा-दमन के आर्कबिशप फेराओ भी नये पोप के लिए करेंगे मतदान : पणजी।** गोवा और दमन के आर्कबिशप फिलिप नेरी कार्डिनल फेराओ ने सोमवार को कहा कि वह 'होली फादर' पोप फ्रांसिस के निधन से बहुत दुखी हैं जिन्होंने 'शांति, अंतर-धार्मिक संवाद, सामाजिक न्याय और सृष्टि की देखभाल को बढ़ावा देने के लिए गंभीर प्रयास किये।






लखनऊ हाईकोर्ट ने मांगा जवाब, सुनवाई 5 मई को

# 10 दिन में बताए केंद्र, राहुल भारतीय नागरिक हैं या नहीं?

एजेंसी ▶▶| लखनऊ



कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। इस मामले में हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को सख्त निर्देश देते हुए 10 दिनों के भीतर राहुल गांधी की नागरिकता के संबंध में स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। कोर्ट ने केंद्र से साफ तौर पर पूछा कि यह बताइए कि राहुल गांधी भारत के नागरिक हैं या नहीं। मामले की अगली सुनवाई 5 मई को निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से एक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई, लेकिन कोर्ट ने इसे अपर्याप्त माना और सरकार को और स्पष्ट जवाब देने का निर्देश दिया।

### यह है मामला

1 जुलाई, 2024 को कर्नाटक के वकील और भाजपा नेता एस विग्नेश शिशिर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने राहुल के पास ब्रिटिश नागरिकता होने का भी आरोप लगाया था और राहुल की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग की थी।






**मुर्शिदाबाद हिंसा की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान बोले जस्टिस गवई**

# 'हम पर संसदीय कार्यों में दखल का आरोप, ऐसे में आदेश कैसे दें'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई है। इस हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिस पर आज सुनवाई चल रही थी। याचिका पर सुनवाई जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ कर रही थी। सुनवाई के दौरान ही जस्टिस गवई ने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे के बयान का जिक्र किया। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। जस्टिस गवई ने कहा कि हम पर संसदीय कार्यों में दखल देने का आरोप लग रहा है, हम आदेश कैसे दें। जस्टिस गवई ने कहा, 'आप चाहते हैं कि हम केंद्र को निर्देश देते हुए आदेश जारी करे? हम पर संसदीय और कार्यकारी कार्यों में हस्तक्षेप करने का आरोप है।' याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने राज्य में 2021 के चुनाव के बाद हुई हिंसा के मद्देनजर दायर एक लंबित याचिका में कुछ नए तथ्य रिकॉर्ड में लाने के लिए कुछ अन्य दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति मांगी है।



### बीजेपी सांसद ने की थी आलोचना

बता दें कि एक मामले में 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि की कार्रवाई को अवैध और गलत करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों के लिए उनके समक्ष प्रस्तुत विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए एक समयसीमा भी निर्धारित की थी। बाद में भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा था, 'भारत के संविधान के अनुसार, कोई भी लोकसभा और राज्यसभा को निर्देश नहीं दे सकता है और राष्ट्रपति ने पहले ही इस पर अपनी सहमति दे दी है। कोई भी राष्ट्रपति को चुनौती नहीं दे सकता, क्योंकि राष्ट्रपति सर्वोच्च हैं।'

### 'दुबे पर केस कीजिए, हमारी अनुमति की जरूरत नहीं'



सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई के खिलाफ टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ से वकील ने दुबे की टिप्पणियों के बारे में हाल ही में आई एक खबर का हवाला दिया और कहा कि वह अदालत की अनुमति से अवमानना याचिका दायर करना चाहते हैं। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, 'आप इसे दायर करें। दायर करने के लिए आपको हमारी अनुमति की जरूरत नहीं है। बता दें, दुबे ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट को कानून बनाना है तो संसद और राज्य विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए।

### जानें याचिका में क्या मांग की गई

*जस्टिस गवई की टिप्पणी दोनों बयानों का संदर्भ देती हुई लग रही है। इस बीच मुर्शिदाबाद हिंसा के संबंध में सोमवार की याचिका में केंद्र सरकार को अनुच्छेद 355 और 356 के तहत शक्तियों का प्रयोग करने का निर्देश देने की मांग की गई है। भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाली बिगड़ती स्थिति को ध्यान में रखते हुए ये याचिका दायर की गई है।*

### फिल्ममेकर अनुराग कश्यप का मुंह काला करने पर एक लाख का इनाम

जयपुर। फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज के विरूद्ध की गई टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश है। चाणक्य सेना ने ऐलान किया है कि अनुराग कश्यप देश में जहां कहीं भी दिखेगा, उसका मुंह काला किया जाएगा। इसके लिए चाणक्य सेना ने घोषणा किया है कि अनुराग कश्यप का जो भी व्यक्ति मुंह काला करेगा, उसे 1 लाख रुपये नगद इनाम दिया जायेगा। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश मिश्रा ने कहा कि अनुराग की टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त हो गया है। फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप कि ब्राह्मणों को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में बजाज नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।








Terms and conditions apply. #The Instant Cashback offer of ₹5100 is available on purchase of Shine100. #The offer may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #The scheme is offered by Authorized Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of Shine100 from Authorized Main Dealers and Associate Dealers. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges (0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Additional Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **AKALTARA:** Bhagwati Honda - 9827527016, 9425229083; **AMBIKAPUR:** Mahamaya Honda - 7489027000, 7489026000, 7489025000; Jaswani Honda - 8358065000, 8358063000; **BAIKUNTHPUR:** Pramila Honda - 7000405012, 9754679867; **BARADWAR:** Ganpati Honda - 7974875687; **BILASPUR:** Dream Honda - 07752-400957, 07752-409057, 9926802408; Maosaji Honda - 07752-412020, 7024149881; **BILHA:** Sai Honda -9179256022, 9827138322: **KAWARDHA:** Pratha Honda - 7400550099, 7400540099; **DHARAMJAIGARH:** Harsh Honda - 9424180180; **DIPKA:** Kamal Honda - 9111144667; **JANJGIR CHAMPA:** Gattani Honda - 07817-222396, 7694011206, 7694011208; Shubh Honda (Baloda) - 8574921111; **JASHPUR:** Deo Narayan Honda - 9406108464, 9425251702; **KHARSIA:** Balaji Honda - 8269515770; **KORBA:** Vishal Honda - 07759-222509, 9479025937, 7987973739; Krishna Korba Honda - 7747015377, 6232103020, 6232103021; JP Honda (Hardi Bazar) - 9826129114; Ashwini Honda (Urga) - 6232103023; Bharat Honda (GevraBasti) - 09301001739; **KOTA:** Prakash Honda- 9826417995; **KUNKURI:** Mansharam Honda - 8103798783; **LAILUNGA:** Atul Honda - 9424188280; **LORMI:** Mansi Honda - 9685010000; **MANENDRAGARH:** Harsh Honda - 9993883343; **MASTURI:** Rahul Honda - 9098619245, 7898410560; **PALI:** Mahamaya Honda - 8770804342; **PAMGARH:** Gautam Honda - 8962109746; **PANDARIYA:** Shri Balaji Honda - 7399330099; **PATHALGAON:** Dinesh Honda - 9993199987; **PENDRA ROAD:** Dev Honda - 9752998221; **RAHOD:** Shri Balaji Honda - 9977311242; **RAIGARH:** Sharda Honda - 8103664400, 9300473589; Shanti Auto Honda - 9343609280, 9343609281; **RAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 9424259688; **RAMANUJGANJ:** Vikas Honda - 9926158656; **RATANPUR:** Sunil Honda - 9893354893; **SAKTI:** Maa Durga Honda - 9685927215; **SARAIPALI:** Pukhraj Honda - 8889798000; **SARANGARH:** Akshat Honda - 9406353035; **SARSIVA:** Kanisk Honda - 9575533947; **SHEORINARAYAN:** Arav Honda - 8109955535; **SITAPUR:** Akash Honda - 9617378301; **PRATAPUR:** Shri Banbhori Honda - 8120806101; **SURAJPUR:** Shri Om Honda - 9826774095, 9926684331; **TAKHATPUR:** Dream Honda - 9303005917, 8839264059; **TAPKARA:** Jindal Honda - 9406384666; **WADRUFNAGAR:** KP Auto - 9826881578; **BILASPUR SAKRI:** Dream Honda Branch - 9516661444; **BILASPUR DAYALBANDH:** Maosaji Honda Branch - 07752-417070, 417171, 9109690484; **GAURELLA:** Shyam Honda - 7024806222; **AHIWARA:** Kabiram Honda - 8319225193; Shree Sairam Honda (Risali) - 0788 4067690, 8823050333; **DANTEWADA:** Ansh Honda - 7000396031; **NEHRU NAGAR:** Aan Honda - 8581020999; **MUNGELI:** S. Mansi Honda - 9685010000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com